राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 337
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 30 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण
पेज 4 अनाधिकृत बसों पर एआरटीओ की बड़ी कारवाई, दो बसें सीज
पेज 6 अभिषेक भारतीय टीम के बड़े सितारे बनकर उभरेंगे

## मोन्था से तेलंगाना में तबाही

### स्कूल डूबा, कार-ट्रक बहे; रेलवे स्टेशन पर पानी भरा, 2 ट्रेन रोगी गईं



#### 5.30 घंटे चला लैंडफॉल प्रोसेस

मंगलवार रात में चक्रवात आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम तट से टकराया था। मंगलवार शाम 7.30 बजे से देर रात लगभग 1 बजे तक लगभग 5.30 घंटे लैंडफॉल चला। इस दौरान 90-100 किमी की रफ्तार से हवा चली थी, जो कि 110 किमी पहुंच गई। मछलीपट्टनम में कई जगह पेड़ गिरे, समुद्र किनारे के मकान ढह गए। कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए और पोल गिर गए। शहर की बिजली व्यवस्था ठप हो गई। कोनासीमा में घर पर पेड़ गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत हुई। एक दूसरी घटना में 2 अन्य लोग घायल हो गए।

**नई दिल्ली/ अमरावती/ भुवनेश्वर।** चक्रवात मोन्था के आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद तेलंगाना में तेज बारिश हुई।

महबूबाबाद जिले के डोरनकल रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया। गोलकुंडा एक्सप्रेस और कोणार्क एक्सप्रेस को रोकना पड़ा।

वहीं खम्मम जिले में एक लॉरी पानी के तेज बहाव में बह गई। नालगोंडा में एक स्कूल में पानी भर गया। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

तूफान आज सुबह ओडिशा के गंजम पहुंचा। गंजम के समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं और हवा की रफ्तार 80-100 किमी पहुंच गई है। आईएमडी के मुताबिक लैंडफॉल के बावजूद अगले 6 घंटों तक तूफान का असर रहेगा।

ओडिशा के 8 जिले गंजम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट, मलकानगिरी, कंधमाल, कालाहांडी और नबरंगपुर में मोन्था के चलते भारी बारिश और आंधी चल सकती है।

राज्य सरकार ने 11 हजार लोगों को निकाला है। 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाने की तैयारी है। ओडीआरएफ की 30 टीम और एनडीआरएफ की 5 टीमों को तैनात किया गया है।

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि तूफान मोन्था के कारण राज्य में दो लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि एहतियाती उपायों से नुकसान कम हुआ है।

## दिल्ली नगर निगम उपचुनाव का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में राज्य चुनाव आयोग ने मंगलवार को उपचुनाव कराने का ऐलान कर दिया है। आयोग ने इसकी आधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए कहा, मतदान 30 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 3 दिसंबर को होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 10 नवंबर है। नामांकन जांच 12, नाम वापसी की अंतिम तिथि 15 नवंबर है। एमसीडी की इन 12 सीटों में से 5 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। यह महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ये उपचुनाव दिल्ली की तीनों बड़ी पार्टियों, आम आदमी पार्टी , भाजपा और कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। हाल के महीनों में नगर निगम में सत्ता संतुलन पर असर डालने वाली सीटें होने के कारण इन उपचुनावों को मिनी-एमसीडी इलेक्शन कहा जा रहा है।

## दिल्ली में क्लाउड सीडिंग रोकी, 3 ट्रायल कामयाब नहीं रहे

- एक की कीमत 64 लाख : आईआईटी कानपुर ने कहा- नमी बेहद कम थी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को होने वाली क्लाउड सीडिंग फिलहाल रोक दी गई है। एक्सपर्ट के मुताबिक, क्लाउड सीडिंग में तभी सफलता मिलती है जब हवा में करीब 50 प्रतिशत नमी हो, इस समय हवा में नमी 10-15 प्रतिशत के करीब है।

दिल्ली सरकार प्रदूषण कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग पर करीब 3.2 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। दिल्ली पर्यावरण विभाग और आईआईटी-कानपुर के बीच हुए समझौते के अनुसार, एक ट्रायल की कीमत करीब 64 लाख रुपए है।

28 अक्टूबर को दो ट्रायल हुए जबकि पहला पहला टेस्ट 23 अक्टूबर को हुआ था। तीनों ही ट्रायल सफल नहीं हो पाए। मंगलवार को यूपी के मेरठ से से स्पेशल विमान सेसना ने उड़ान भरी थी।

विमान ने दिल्ली में खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार इलाके में 6 हजार फीट की ऊंचाई पर बादलों में दोपहर 2 बजे केमिकल छिड़का। बताया गया कि ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है, लेकिन रात तक नहीं हुई।

### आप ने वीडियो बनाकर मजाक उड़ाया

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने वीडियो बनाकर दिल्ली सरकार के इस ट्रायल का मजाक उड़ाया। हंसते हुए कहा, 4: 30 बज चुके हैं, बारिश नहीं है। उन्होंने कहा, बारिश में भी फर्जीवाड़ा, कृत्रिम वर्षा का कोई नामोनिशान नहीं दिख रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### नवनीत राणा को गैंगरेप और जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** पूर्व सांसद और बीजेपी नेता नवनीत राणा को एक बार फिर जान से मारने व गैंगरेप की धमकी मिली है। यह धमकी स्पीड पोस्ट के जरिए उनके अमरावती स्थित दफ्तर में भेजी गई। जानकारी के मुताबिक पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी नाम लिया गया है और बेहद आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है और अमरावती क्राइम ब्रांच की टीम तुरंत राणा के घर पहुंची। जांच में सामने आया है कि यह धमकी भरा पत्र हैदराबाद से भेजा गया है। इसे जावेद नाम के व्यक्ति के नाम से दर्ज किया गया है।

### पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन तेलंगाना सरकार में मंत्री बनेंगे

**हैदराबाद।** पूर्व क्रिकेटर और एमएलसी मोहम्मद अजहरुद्दीन को तेलंगाना सरकार में मंत्री बनाया जाएगा। वे 31 अक्टूबर (शुक्रवार) को राजभवन में शपथ लेंगे। इसकी वजह राज्य की जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर 11 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। इस सीट पर मुस्लिम मतदाता 30 प्रतिशत हैं। माना जा रहा है कि अजहरुद्दीन की कैबिनेट में एंट्री से कांग्रेस को फायदा मिलेगा। वे 2023 में इसी सीट से चुनाव हार चुके हैं। वहीं, तेलंगाना की कांग्रेस सरकार में अभी एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है। इस वजह से मुस्लिम समुदाय को कैबिनेट में प्रतिनिधित्व न देने का आरोप लग रहा था।

## पंजाब में आप नेता को सिर में मारी गोली

### आनंदपुर साहिब में शादी समारोह में गए थे, चंडीगढ़ के पूर्व डीएसपी ने की फायरिंग

**रोपड़ (रूपनगर)।** पंजाब के रोपड़ में चंडीगढ़ पुलिस के पूर्व डीएसपी ने साथियों के साथ मिलकर आम आदमी पार्टी के नेता नितिन नंदा पर फायरिंग कर दी। उन पर 3 गोलियां चलाई गईं, जिनमें से एक गोली उनके सिर के पीछे लगी, जबकि 2 गोलियां उनके शरीर को छूकर निकल गईं।



घायल नितिन नंदा को तुरंत सिविल अस्पताल आनंदपुर साहिब ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया।अभी भी गोली सिर के अंदर फंसी हुई है, जिससे उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आनंदपुर साहिब पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना बुधवार को दोपहर करीब 2 बजे आनंदपुर साहिब के अगमपुर चौक-जहाज रोड पर सामने आई। नंदा यहां विवाह समारोह में आए हुए थे। बताया जा रहा है दोनों पक्षों में प्रॉपर्टी को लेकर विवाद चल रहा है।

## राजा मर्डर चार्जशीट : सोनम पर हत्या, सबूत मिटाने के आरोप

### बॉयफ्रेंड राज समेत 3 अन्य पर भी यही आरोप; पांचों ने मेघालय में राजा को मारा था

**इंदौर।** इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के मामले में मेघालय की ईस्ट खासी हिल्स जिले की अदालत ने पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। इसमें राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी, उसका बॉयफ्रेंड राज कुशवाहा और तीन अन्य आरोपियों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी शामिल हैं।



कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 103(1) (मर्डर), 238 (ए) (सबूत गायब करना) और 61(2) (क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी) के तहत आरोप तय किए। पुलिस ने 5 सितंबर को सोहरा सब-डिवीजन के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास की कोर्ट में 790 पेज की चार्जशीट पेश की थी। इस मामले में मंगलवार को आरोप तय करते समय कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में पांचों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए काफी सबूत हैं।

हालांकि बचाव पक्ष ने कहा कि आरोपी बेगुनाह हैं। जल्द ही ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। आरोपियों ने 5 बार निचली अदालत में जमानत के लिए अर्जी लगाई थी जो खारिज की जा चुकी है।

#### अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ भी पुलिस की तैयारी

पुलिस अब बाकी तीन आरोपी सिलोम जेम्स, लोकेंद्र तोमर और बलबीर अहिरवार के खिलाफ दूसरी चार्जशीट फाइल करने की तैयारी में है। इन तीनों को सबूत नष्ट करने में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था।

## तमिलनाडु में कैश फॉर जॉब स्कैम

### 35 लाख तक में इंजीनियर-ऑफिसर की पोस्ट दी गई

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नगर प्रशासन और जल आपूर्ति विभाग में करीब 888 करोड़ के कैश फॉर जॉब का मामला सामने आया है। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि सरकारी नौकरियों के लिए उम्मीदवारों से 25 से 35 लाख रुपए तक की रिश्वत ली गई।

ईडी के मुताबिक, राज्य सरकार ने इस डिपार्टमेंट में इंजीनियर से लेकर अधिकारी तक 2538 कैंडिडेट्स की भर्ती की थी। जांच में पता चला कि इन नियुक्तियों में बड़े स्तर पर रिश्वतखोरी हुई और राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों ने मिलकर नौकरी के बदले कैश लिया है।

एजेंसी ने मामले में राज्य पुलिस से एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। एजेंसी ने पुलिस को एक लेटर लिखकर अपने पास मौजूद सबूत जैसे डॉक्यूमेंट्स, फोटो और वॉट्सएप चैट्स सौंपे हैं। ये भर्तियां अगस्त 2025 में की गई थीं और



नियुक्ति पत्र खुद सीएम एमके स्टालिन ने 6 अगस्त को सौंपे थे।

दरअसल, ईडी बैंक धोखाधड़ी के मामले की जांच कर रही थी। यह जांच सबसे पहले सीबीआई ने अप्रैल में शुरू की थी। उसी दौरान ईडी को भ्रष्टाचार और सिलेक्शन प्रोसेस में गड़बड़ी से जुड़े सबूत मिले।

भर्ती प्रक्रिया जनवरी 2024 में शुरू हुई थी। इसमें करीब 1.12 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। पदों में असिस्टेंट इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर, टाउन प्लानिंग ऑफिसर और सेनेटरी इंस्पेक्टर के पद शामिल थे। इस भर्ती के नियुक्ति पत्र सीएम एमके स्टालिन ने अगस्त 2025 में सौंपे थे।

## रेप का दोषी आसाराम 6 महीने जेल से बाहर रहेगा

### राजस्थान हाईकोर्ट से पहली बार जमानत; 30 अगस्त को ही जेल में किया था सरेंडर

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट (जोधपुर) ने नाबालिग से रेप के दोषी आसाराम को 6 महीने की जमानत दी है। कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की डिवीजन बेंच ने मंगलवार को जमानत याचिका पर सुनवाई की।

याचिका मेडिकल आधार पर लगाई गई थी। राजस्थान हाईकोर्ट से उसे पहली बार जमानत मिली है। इससे पहले अंतरिम जमानत खत्म होने के



बाद उसने 30 अगस्त को सरेंडर कर दिया था।

दरअसल, आसाराम नाबालिग से रेप मामले में अप्रैल 2018 से आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। करीब 12 साल की कैद के बाद पहली बार 7 जनवरी 2025 को उसे मेडिकल कारणों से अंतरिम जमानत मिली थी।

29 अक्टूबर 2025 को राजस्थान हाईकोर्ट में आसाराम की सजा स्थगन और मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की याचिका पर सुनवाई हुई थी। आसाराम की ओर से दिल्ली से आए सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने पैरवी की।

### आईएनएस सह्याद्रि



जापान के योकोसुका बंदरगाह पर भारतीय नौसेना के स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्रि का दौरा करते स्कूली छात्र।

## यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामला : सीबीआई का एक्शन, 4 पर केस

### एसआईटी ने सौंपे दस्तावेज, मेरठ-दिल्ली तक फैले तार; परीक्षा केंद्र की जांच होगी

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के पेपर लीक कांड मामले में सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है।

सीबीआई की जांच में पेपर लीक से जुड़े मामले में कई संदिग्ध चेहरों के बेनकाब होने की संभावना है। इसमें कुछ फेमस चेहरे भी शामिल है।

पुलिस और एसआईटी ने अपनी एफआईआर में परीक्षार्थी खालिद उसकी दो बहने (साबिया, हीना) और एक असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन





को आरोपी बनाया था। अब सीबीआई ने देहरादून के रायपुर थाने में दर्ज एफआईआर को जांच का आधार बनाया है, जिसकी जांच सहायक अधीक्षक सीबीआई राजीव चंदोला को सौंपी गई है। इसमें एक एडिशनल एसपी और चार इंस्पेक्टर की टीम शामिल है।

सूत्रों के हवाले से खबर है कि सीबीआई की टीम में मंगलवार को केस दर्ज करने के बाद जया बलूनी के नेतृत्व वाली एसआईटी टीम से मुलाकात की। इसके बाद एसआईटीटीम ने अब तक की जांच किए सभी दस्तावेजों को सीबीआई को सौंप दिए हैं।

अब सीबीआई परीक्षा केन्द्र से बाहर आए पेपर की पूरी कहानी सामने लाएगी।

### हैप्पी मॉर्निंग



ट्रक से टकराकर बिल्ली बेहोश हो गई
एक लड़का उसे उठा कर घर ले आया और पिंजरे में डाल दिया
बिल्ली को होश आया और वो लड़के से बोली-
ओह माय गॉड
जेल हो गई वो ट्रक वाला मर गया
क्या?



### शायरी

महँगाई की तहलील में जब जिस्म टटोला
मालूम हुआ हम तो कमर भी नहीं रखते

### अर्थसार



सेंसेक्स:
84,997.13
+368.98 (0.44%)
निफ्टी:
26,053.90
+117.70

### मौसम



अधिकतम : 27 डिग्री से0
न्यूनतम : 21 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 6 : 35
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 40

**पीरियड्स का सबूत** — हरियाणा की यूनिवर्सिटी में सैनिटरी पैड का फोटो खिंचवाकर देखा, हंगामे के बाद सुपरवाइजर सस्पेंड

## महिला स्टाफ से पीरियड्स का सबूत मांगा, कपड़े उतरवाए

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में 4 महिला कर्मचारियों से पीरियड्स का सबूत मांगा गया।

इतना ही नहीं, उनके कपड़े उतरवाकर सैनिटरी पैड की फोटो भी खिंचवाकर देखी गई। हंगामा होने के बाद आरोपी सुपरवाइजर को सस्पेंड कर दिया गया है।

घटना 26 अक्टूबर की है। मामला तब सामने आया, जब महिलाओं ने घटना के फोटो-वीडियो हरियाणा महिला आयोग को भेजे। आयोग ने बुधवार को यूनिवर्सिटी प्रशासन से सुपरवाइजर को बर्खास्त करने को कहा है।



### देर से काम पर पहुंची थीं महिला सफाईकर्मी

मामला 26 अक्टूबर का है। इस दिन हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष भी एमडीयू में थे। वे 3 दिन के दौरे पर रोहतक पहुंचे थे। उसी दिन सुबह एमडीयू में कुछ महिला सफाई कर्मी थोड़ी देरी से यूनिवर्सिटी पहुंचीं।

महिलाओं के पहुंचते ही सुपरवाइजर विनोद कुमार और वितेंदर कुमार ने उन्हें घेर लिया और देरी से आने का कारण पूछा। पहले महिलाएं इधर-उधर की बातें करती रहीं, लेकिन बाद में उन्होंने बताया कि उन्हें महिलाओं वाली बीमारी हुई थी। इसलिए उन्हें आने में थोड़ी देर हो गई।

### सुपरवाइजर ने कपड़े उतारने को कहा

इस पर सुपरवाइजर झल्ला उठा और महिलाओं से कहने लगा कि तुम लोग बहाने बना रही हो। अगर सच बोल रही हो तो सबूत दिखाओ, कपड़े उतारो। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि सुपरवाइजर ने एक महिला कर्मी से कहकर उनके कपड़े उतरवाए और देखा। इस पर महिला कर्मचारियों में रोष पैदा हुआ।

### महिलाओं ने हंगामा किया

सुपरवाइजर की बातें सुनकर महिलाकर्मियों को गुस्सा आ गया और उन्होंने मौके पर हंगामा शुरू कर दिया। यह घटना पूरी यूनिवर्सिटी में तेजी से फैल गई।

एमडीयू में महिला सफाई कर्मचारियों के साथ सुपरवाइजर के इस व्यवहार की जब छात्र संगठनों को सूचना मिली तो वह भी जमा हो गए और हंगामा शुरू कर दिया।

## चिप कंपनी एनवीडिया की वैल्यू 5 ट्रिलियन डॉलर पार

### भारत की जीडीपी से 90 लाख करोड़ ज्यादा; कंपनी मोबाइल-ड्रोन्स, ऑटोमैटिक गाड़ियों की चिप बनाती है

नई दिल्ली। सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर यानी 453 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। एनवीडिया यह आंकड़ा पार करने वाली दुनिया की पहली कंपनी भी बन गई है। यह आंकड़ा भारत की जीडीपी से करीब 90 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। आईएमएफ के मुताबिक, भारत की जीडीपी अभी 4.13 ट्रिलियन डॉलर यानी 364 लाख करोड़ रुपए है।





एनवीडिया के बाद माइक्रोसॉफ्ट और एपल दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी हैं। माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.03 ट्रिलियन डॉलर यानी 356 लाख करोड़ रुपए है। वहीं एपल 4.02 ट्रिलियन डॉलर यानी 355 लाख करोड़ रुपए की मार्केट वैल्यू के साथ तीसरे नंबर पर है। एक दिन पहले ही एपल ने 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था।

# संपादकीय

## 'पेरियार : जिसने ईश्वर से सवाल करने की हिम्मत की'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

जब ईश्वर से सवाल करना अपराध था —
तब एक व्यक्ति ने कहा, अगर भगवान न्याय नहीं करता, तो उसे भगवान कहने का क्या अधिकार है?
वह व्यक्ति था ई.वी. रामास्वामी पेरियार, जिसने मानवता को तर्क का नया धर्म दिया।

### जब ईश्वर से सवाल करना अपराध था

बीसवीं सदी के भारत में जब लोग धर्म के आगे झुकते थे, एक व्यक्ति खड़ा हुआ जिसने कहा —
अगर भगवान न्याय नहीं कर सकता, तो उसे भगवान कहने का क्या हक है?
वह थे ई.वी. रामास्वामी पेरियार, जिन्हें आज तर्क, समानता और स्वाभिमान का मसीहा कहा जाता है। उन्होंने समाज से नहीं, स्वयं ईश्वर से सवाल किया।
'हे ईश्वर, अगर तू सर्वशक्तिमान है तो इंसान को इतना असमान क्यों बनाया?'
'अगर तू सर्वज्ञ है तो मंदिरों में पुजारी को दान देकर तुझे क्यों मनाना पड़ता है?'
'अगर तू न्यायप्रिय है, तो दलित, स्त्रियाँ और गरीब आज भी क्यों पीड़ित हैं?'
ये सवाल नास्तिकता की नहीं, मानवता की पुकार थे।

### पेरियार का दर्शन — 'तर्क ही असली धर्म है'

पेरियार का विश्वास था कि हर मनुष्य को ईश्वर, धर्म और परंपरा से सवाल करने का अधिकार है।
**उन्होंने कहा** — 'वह ईश्वर जिसे सवाल पसंद नहीं, वह केवल ब्राह्मण का औजार है, इंसान का साथी नहीं।'
उन्होंने 'तर्क' को अपना धर्म और 'अंधविश्वास' को मानवता का शत्रु घोषित किया।
**उनका मत था** —'जब तक व्यक्ति तर्क से नहीं चलेगा, वह गुलामी से मुक्त नहीं हो सकता।'

### ईश्वर बनाम इंसान — एक पेरियारवादी तर्क

**एक सभा में उन्होंने कहा** — 'अगर ईश्वर ने इंसान को बनाया है, तो इतने अन्याय के बाद वह चुप क्यों है?
और अगर इंसान ने ईश्वर को बनाया है, तो यह सबसे खतरनाक आविष्कार है क्योंकि यह आविष्कार मनुष्य को मनुष्य से ही विभाजित कर देता है।'
पेरियार के अनुसार 'ईश्वर' कोई दैवीय शक्ति नहीं, बल्कि सत्ता की सुरक्षा व्यवस्था थी — जो राजा को देवता और प्रजा को दास बना देती थी।
-**ईश्वर नहीं, मनुष्य सर्वोच्च है** — क्योंकि वही सोच सकता है, बदल सकता है, और न्याय कर सकता है।'

### ब्राह्मणवाद पर प्रहार — जब पेरियार ने रामायण को चुनौती दी

**पेरियार ने कहा** —
'रामायण कोई भक्ति की कथा नहीं,
यह आर्यों द्वारा द्रविड़ों की पराजय की कहानी है।'
उनके अनुसार, रामायण आर्य वर्चस्व का ग्रंथ था —
जहाँ राम सत्ता का प्रतीक था और रावण स्वाभिमान का।
**उन्होंने कहा** —
'रामायण हमें सिखाती है कि जो व्यवस्था से सवाल करेगा, उसे 'राक्षस' कहा जाएगा।'
दक्षिण भारत में उन्होंने 'रावण लीला' शुरू की,
**ताकि समाज समझे** — हर 'राक्षस' खलनायक नहीं होता, कई बार वही सच्चा नायक होता है जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होता है।

### नारी और शिक्षा के लिए क्रांति

**पेरियार का मानना था** —
'अगर स्त्री को सोचने की आज़ादी नहीं है, तो किसी पुरुष की भी नहीं हो सकती।'
उन्होंने विधवा विवाह, अंतर्जातीय विवाह,
स्त्री शिक्षा और समान वेतन की वकालत की,
जब इन शब्दों का उच्चारण भी 'पाप' माना जाता था।
उनके लिए स्त्री मुक्ति और शिक्षा, समाज की मुक्ति की दो धुरी थीं।

### आधुनिक भारत में पेरियार की प्रासंगिकता

आज जब राजनीति फिर से धर्म, जाति और मंदिरों के इर्द-गिर्द घूम रही है —
जब तर्क को देशद्रोह और प्रश्न को पाप कहा जाने लगा है —
पेरियार की आवाज़ और भी तेज़ सुनाई देती है।
**उन्होंने कहा था** —
'जिस दिन लोग ईश्वर से डरना छोड़ देंगे,
उसी दिन शोषक मनुष्य से भी डरना बंद कर देंगे।'
यह पंक्ति आज के भारत पर सटीक बैठती है।
क्योंकि भय और आस्था का संगम ही सत्ता की सबसे बड़ी ताकत है।

### विचार जो अमर हैं

**पेरियार ने हमें सिखाया** —
'सवाल करना पाप नहीं, क्रांति की शुरुआत है।'
उनकी यह चेतावनी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है —
'ईश्वर नहीं, इंसान को सुधारो।
अगर इंसान इंसानियत से गिर गया है,
तो उसे मंदिर नहीं, शिक्षा चाहिए।'

### पेरियार आज भी जीवित हैं —

**हर उस व्यक्ति में,** जो अन्याय, पाखंड और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज़ उठाता है।
क्योंकि सवाल कभी मरते नहीं — वे सिर्फ़ नए रूप में जन्म लेते हैं।
'पेरियार के पाँच सवाल ईश्वर से'
1 अगर तू न्यायप्रिय है, तो दलित और स्त्रियाँ अब भी पीड़ित क्यों हैं?
2 अगर तू सर्वज्ञ है, तो तुझे पुजारी के दान से क्यों मनाना पड़ता है?
3 अगर तू सर्वशक्तिमान है, तो निर्धन और बीमार क्यों हैं?
4 क्या तू ईश्वर है या सत्ता का संरक्षक?
5 क्या तेरे नाम पर मनुष्य को बाँटने का अधिकार किसी को दिया है?

### पेरियार के कुछ अमर कथन

'वह ईश्वर जिसे सवाल पसंद नहीं, वह ब्राह्मण का औजार है।'
'सवाल पाप नहीं, जागृति की पहली सीढ़ी है।'
'जिस दिन लोग ईश्वर से डरना छोड़ देंगे, उसी दिन शोषक से भी डरना बंद कर देंगे।'
'ईश्वर नहीं, इंसान को सुधारो।'
'जहाँ तर्क मरता है, वहीं अंधकार जन्म लेता है।'

### आज के भारत के लिए पेरियार का संदेश

'धर्म को राजनीति का हथियार मत बनने दो।
सोचो, सवाल करो, और सच्चाई के साथ खड़े रहो —
यही सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म है।'
आज जब समाज फिर से मंदिर और मठों के बीच सिमट रहा है,
पेरियार का तर्क याद रखना ज़रूरी है —
क्योंकि जहाँ सवाल मरते हैं, वहाँ इंसानियत भी मर जाती है।


---

30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक मेले पर विशेष

# लोक संस्कृति का वाहक पुष्कर मेला

रमेश सर्राफ धमोरा






राजस्थान में अजमेर से लगभग 11 कि.मी. दूर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है जिसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। यहां पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है जो इस मेले की शोभा को और बढ़ा देते हैं। पुष्कर मेला कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक लगता है। मेलों के रंग राजस्थान में देखते ही बनते हैं। ये मेले मरुस्थल के गांवों के कठोर जीवन में एक नवीन उत्साह भर देते हैं। लोग रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर जगह-जगह पर नृत्य गान आदि समारोहों में भाग लेते हैं। यहां पर काफी मात्रा में भीड़ देखने को मिलती है। लोग इस मेले को श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतीक मानते हैं।

पुष्कर मेला थार मरुस्थल का एक लोकप्रिय व रंगों से भरा मेला है। पुष्कर झील भारतवर्ष में पवित्रतम स्थानों में से एक है। प्राचीनकाल से लोग यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिक मास में एकत्रित हो भगवान ब्रह्मा की पूजा उपासना करते हैं। पुष्कर मेले को खास माना जाता है क्योंकि यह धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक महत्व का एक अनूठा संगम है। पुष्कर मेले की मुख्य विशेषताओं में दुनिया का सबसे बड़ा ऊँट और पशुधन मेला होना, जिसमें ऊँट, घोड़े, और अन्य मवेशियों की खरीद-बिक्री होती हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का मिश्रण शामिल है। इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक खेल जैसे कुश्ती और कबड्डी, और ऊँट व घोड़ों के लिए सजगता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा, मेले में हस्तशिल्प बाजार और पवित्र पुष्कर झील के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं। जो इसे एक बहुआयामी उत्सव बनाते हैं।

पुष्कर मेले की मुख्य विशेषताओं में दुनिया का सबसे बड़ा ऊँट और पशुधन मेला होना, जिसमें ऊँट, घोड़े, और अन्य मवेशियों की खरीद-बिक्री होती है, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का मिश्रण शामिल है। इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक खेल जैसे कुश्ती और कबड्डी, और ऊँट व घोड़ों के लिए सजगता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा, मेले में हस्तशिल्प बाजार और पवित्र पुष्कर झील के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं, जो इसे एक बहुआयामी उत्सव बनाते हैं।

राजस्थान में त्यौहारों, पर्वो एवं मेलों की अनूठी परम्परा एवं संस्कृति है वैसी देश में अन्यत्र कहीं मिलना कठिन है। यहां का प्रत्येक मेला एवं त्यौहार लोक जीवन की किसी किवदन्ती या किसी ऐतिहासिक कथानक से जुड़ा हुआ है। इसलिए इनके आयोजन में सम्पूर्ण लोक जीवन पूरी सक्रियता से भाग लेता है। इन मेलों में राजस्थान की लोक संस्कृति जीवन्त हो उठती है। इन मेलों के अपने गीत हैं, जिनके प्रति जन साधारण की गहरी आस्था दृष्टिगोचर होती है। इससे लोग एकता के सूत्र में बंधें रहते हैं। राजस्थान में अधिकांश मेले पर्व व त्यौहार के साथ जुड़े हुए हैं।

मेलों का महत्व देवताओं एवं देवियों की आराधना को लेकर भी है क्योंकि देर्वाचन से मानव को शान्ति प्राप्त होती है। वैसे तो राजस्थान के विभिन्न भागों में बहुत बड़ी संख्या में मेले आयोजित किए जाते हैं, परन्तु कुछ गिने-चुने मेलों का अपना ही महत्व होता है। यहां के धार्मिक मेलों में सम्बंधित धर्म अनुयायियों के अतिरिक्त अन्य धर्म के लोग एवं अन्य जाति के लोग भी खुलकर भाग लेते हैं।

मेला स्थल से परे पुष्कर नगरी का माहौल एक तीर्थनगरी सरीखा होता है। कार्तिक में स्नान का महत्व हिंदू मान्यताओं में वैसे भी काफी ज्यादा है। इसलिए यहां साधु भी बडी संख्या में नजर आते हैं। मेले के शुरुआती दिन जहां पशुओं की खरीद-फरोख्त पर जोर रहता है। वहीं बाद के दिनों में पूर्णिमा पास आते-आते धार्मिक गतिविधियों का जोर हो जाता है। श्रद्धालुओं के सरोवर में स्नान करने का सिलसिला भी पूर्णिमा को अपने चरम पर होता है।

पुष्कर मेले के दौरान इस नगरी में आस्था और उल्लास का अनोखा संगम देखा जाता है। पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है और पुष्कर मेला राजस्थान का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। पुष्कर मेले की प्रसिद्धि का अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि ऐतिहासिक धरोहरों के रूप में ताजमहल का जो दर्जा विदेशी सैलानियों की नजर में है। ठीक वही महत्व त्यौहारों से जुडे पारम्परिक मेलों में पुष्कर मेले का है।

पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है। क्योंकि यहां समूचे ब्रह्मांड के रचयिता माने जाने वाले ब्रह्मा जी का निवास है। पुष्कर के महत्व का वर्णन पद्मपुराण में मिलता है। इसके अनुसार एक समय ब्रह्मा जी को यज्ञ करना था। उसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए उन्होंने धरा पर अपने हाथ से एक कमल पुष्प गिराया। वह पुष्प अरावली पहाडियों के मध्य गिरा और लुढकते हुए दो स्थानों को स्पर्श करने के बाद तीसरे स्थान पर ठहर गया। जिन तीन स्थानों को पुष्प ने धरा को स्पर्श किया वहां जलधारा फूट पडी और पवित्र सरोवर बन गए। सरोवरों की रचना एक पुष्प से हुई इसलिए इन्हें पुष्कर कहा गया। प्रथम सरोवर कनिष्ठ पुष्कर, द्वितीय सरोवर मध्यम पुष्कर कहलाया। जहां पुष्प ने विराम लिया वहां एक सरोवर बना, जिसे ज्येष्ठ पुष्कर कहा गया। ज्येष्ठ पुष्कर ही आज पुष्कर के नाम से विख्यात है। पुष्कर में लगभग चार सौ मंदिर है। इसीलिए इसे मंदिर नगरी भी कहा जाता है।

महाभारत में पुष्कर राज के बारे में लिखा है कि तीनों लोकों में मृत्यु लोक महान है और मृत्यु लोक में देवताओं का सर्वाधिक प्रिय स्थान पुष्कर है। चारों धामों की यात्रा करके भी यदि कोई व्यक्ति पुष्कर सरोवर में डुबकी नहीं लगाता है तो उसके सारे पुण्य निष्फल हो जाते हैं। यही कारण है कि तीर्थ यात्री चारो धामों की यात्रा के बाद पुष्कर की यात्रा जरूर करते हैं। तीर्थ राज पुष्कर को पृथ्वी का तीसरा नेत्र भी माना जाता है। पुष्कर नगरी में विश्व का एकमात्र ब्रह्मा मंदिर है तो दूसरी तरफ दक्षिण स्थापत्य शैली पर आधारित रामानुज संप्रदाय का विशाल वैकुंठ मंदिर। इनके अलावा सावित्री मंदिर, वराह मंदिर के अलावा अन्य कई मंदिर हैं। पास में ही एक छोटे से मन्दिर में नारद जी की मूर्ति। एक मन्दिर में हाथी पर बैठे कुबेर तथा नारद की मूर्तियां हैं।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लिखित है कि अपने मानस पुत्र नारद द्वारा सृष्टिकर्म करने से इन्कार किए जाने पर ब्रह्मा ने उन्हें शाप दे दिया कि तुमने मेरी आज्ञा की अवहेलना की है। अत: मेरे शाप से तुम्हारा ज्ञान नष्ट हो जाएगा और तुम गन्धर्व योनि को प्राप्त करके कामिनियों के वशीभूत हो जाओगे। तब नारद ने भी दु:खी पिता ब्रह्मा को शाप दिया कि आपने बिना किसी कारण मुझे शाप दिया है। अत: मैं भी आपको शाप देता हूं कि तीन लोक में आपकी पूजा नहीं होगी और आपके मंत्र, श्लोक कवच आदि का लोप हो जाएगा। तभी से ब्रह्मा जी की पूजा नहीं होती है। मात्र पुष्कर क्षेत्र में ही वर्ष में एक बार उनकी पूजा-अर्चना होती है।


कई आस्थावान लोग पुष्कर परिक्रमा भी करते हैं। सुबह और शाम के समय यहां आरती होती है। वह दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। इतनी विशेषताओं के कारण पुष्कर को तीर्थराज कहने के अलावा देश का पांचवां धाम भी कहा जाता है। पुष्कर सरोवर में कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान का बडा महत्व माना गया है। क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा पर ही ब्रह्मा जी का वैदिक यज्ञ संपन्न हुआ था। तब यहां सम्पूर्ण देवी-देवता एकत्र हुए थे। उस पावन अवसर पर पर्व स्नान की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिस प्रकार प्रयाग को तीर्थराज कहा जाता है उसी प्रकार से इस तीर्थ को पुष्करराज कहा जाता है।

हिन्दुओं के लिए पुष्कर एक पवित्र तीर्थ व महान पवित्र स्थल है। वर्तमान समय में इसकी देख-रेख की व्यवस्था सरकार ने सम्भाल रखी है। अत: तीर्थस्थल की स्वच्छता बनाए रखने में भी काफी मदद मिली है। यात्रियों की आवास व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाता है। यहां आने वाला हर तीर्थयात्री यहां की पवित्रता और सौंदर्य की मन में याद संजो कर ही लौटता है।

---


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3695




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3694 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मालकिन ने नई नौकरानी से पूछा- 'देखो ! मैं ज्यादा बातचीत नहीं करती. अगर मैं अंगुली से इशारा करूँ तो समझ लो कि मैं बुला रही हूँ.'

इस पर नौकरानी बोली- 'जी ! मैं भी बहुत कम बोलना पसन्द करती हूँ. अगर मैं अपना सिर हिला दूं तो समझ जाइये कि मैं नहीं आ सकती.'

□ □ □

जेल की एक कोठरी में बैठे तीन कैदी बता रहे थे कि वे क्यों पकड़कर बन्द कर दिये गए ?

पहला- 'मै चुनाव में राजनारायण के पास में काम कर रहा था !'

दूसरा- 'और मैं राजनारायण के खिलाफ काम कर रहा था !'

तीसरा- 'राजनारायण मैं खुद हूँ.'

□ □ □

प्रेमिका बोली, ''मैं किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह न करूंगी जो झूठ बोलता हो.''

प्रेमी बोला, ''तब तो तुम सारा जीवन कुंवारी रहोगी.''

□ □ □

मंत्री जी ने अस्पताल के नवनिर्मित ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करते हुए अपने भाषण में कहा—''भाइयों, ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एक अच्छी बात है. इतने बड़े अस्पताल में रोगियों के मनोरंजन के लिए उनका अपना थिएटर होना बहुत जरूरी है.''

## फिल्म वर्ग पहेली - 3695



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं आँचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 3694



## सूडोकु -3695

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु - 3694 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## शब्द पहेली - 3695



**बाएँ से दाएँ**

1.सफल,उत्तीर्ण-4
5.ओस,रजनीजल-4
7.फरार होना,चंपत होना, पलायन करना-5
9.महीना,मास-2
10.साल का बारहवां भाग-2
13.पुचकारना-4
15.विष्णु,चक्रधारी-4
17.निरुत्तर होना-5
18.अपनत्व-5
20.असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23.निकृष्ट,अल्पतर-4
26.अंधकार-2
27.बुरा आदत-2
29.रसायन संबंधी-5
31.ब्राम्हण,सम्राट-4
32.गजानन,गणपति-4

**ऊपर से नीचे**

2.मां,आई,मदर-2
3.बारिश का गिरना-4
4.निर्माता,रचयिता-5
5.लज्जाना -4
6.मुलायम-2
8.उम्मीद-2
9.हार,जयमाल-2
11.हरे रंग का-2
12.वचन,प्रतिज्ञा-2
14.हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16.जनेऊ,उपनयन संस्कार-5
19.विलेन,नायक का विलोम-5
20.बादल-2
21.बुरी आदत-2
22.यम,मृत्यु का देवता-4
23.पानी के बहने की आवाज-2,2
24.वोट,अभिमत-2
28.इस जगह-2
30.कारावास,बंधन-2

### शब्द पहेली - 3694 का हल



# जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण पर बैठक की

**गौतमबुद्ध नगर।** विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में जनपद के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एन.आई.सी. सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यप्रणाली एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित इस विशेष अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिक निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हों एवं अनर्ह मतदाता का नाम निर्वाचक नामावली में विद्यमान न रहे। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी राजनीतिक दल अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट अनिवार्य रूप से नियुक्त करें, ताकि वे बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी रूप से सफल बना सकें। उन्होंने कहा कि बीएलए और बीएलओ के बीच समन्वय इस अभियान की सफलता की कुंजी है। दोनों मिलकर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र नाम सूची में न रहे।




अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग का कार्य किया जाएगा। 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जाएंगे तथा उन्हें भरने में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

संबंधित नागरिक गणना प्रपत्रों को भरकर अपने बी.एल.ओ. को उपलब्ध कराएंगे।

5 से 8 दिसम्बर 2025 तक कंट्रोल टेबल की तैयारी का कार्य संपन्न होगा। 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। दावा एवं आपत्ति अवधि 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है।

दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 31 जनवरी 2026 तक संबंधित निर्वाचन अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इसके उपरांत 3 फरवरी 2026 को निर्वाचन नामावलियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग से अनुमति प्राप्त कर 7 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित की जाएगी।

बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने पर बल दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट नीरज लोहिया, समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी, अनूप तिवारी, बहुजन समाज पार्टी जिला प्रभारी ओम प्रकाश सिंह, जिला महासचिव एडवोकेट राजकुमार गुर्जर, एडवोकेट मुकेश सेठी, एडवोकेट रामबल सिंह, सीपीआई(एम) प्रतिनिधि सदस्य अरुण प्रताप सिंह सहित उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार जेवर ओमप्रकाश पासवान, तहसीलदार दादरी प्रीति बालियान तथा संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड व विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न

**गौतमबुद्धनगर।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों, सीएमआईएस पोर्टल, विकसित उत्तर प्रदेश व फैमिली आईडी की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति पर समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों की डैशबोर्ड रैंकिंग संतोषजनक नहीं है, वे तत्काल सुधार करें और अपनी सभी योजनाओं की प्रगति नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग सीधे शासन स्तर से की जाती है, अत: अधिकारी इसे गंभीरता से लें और केवल शुद्ध, त्रुटिरहित एवं सत्यापित आंकड़े ही अपलोड करें।



बैठक में ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, जिला पूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी निर्माण परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाएं, ताकि विकास योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंच सके। फैमिली आईडी योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि यह योजना प्रत्येक परिवार को एकीकृत पहचान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने विभागों को निर्देश दिए कि डेटा प्रविष्टि, सत्यापन एवं आधार एकीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए।

विकसित उत्तर प्रदेश पोर्टल की समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अपेक्षित संख्या में विभागों द्वारा सुझाव अपलोड नहीं करायें गए हैं। उन्होंने बताया कि विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के अंतर्गत सुझाव प्राप्त करने की समय सीमा अब 15 नवम्बर तक बढ़ा दी गई है। सभी विभागीय अधिकारी अपने विभागों से अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करें और समयसीमा के भीतर अधिकतम सुझाव अपलोड कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, उप कृषि निर्देशक राजीव कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कुमुद चौधरी, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्रेटर नोएडा में बाइक चोरी गैंग का भंडाफोड़

### 3 शातिर चोर गिरफ्तार, 4 मोटरसाइकिलें और अवैध हथियार बरामद



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक अंतर जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी की चार बाइकें और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर जेकेजी सोसाइटी की सर्विस रोड से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए चोरों की पहचान बुलंदशहर निवासी मुकुल गिरी, गाजियाबाद निवासी आकाश और फर्रुखाबाद निवासी अजीत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, ये आरोपी पहले इलाके में रेकी कर सुनसान जगहों या नो-पार्किंग एरिया में खड़ी बाइकें चुराते थे और फिर उन्हें कम दामों में बेच देते थे। गिरोह कई जिलों में सक्रिय था। बिसरख थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब उनके अन्य साथियों और चोरी के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# किसान यूनियन ने प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन की योजना बनाई

**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) की एक बैठक बुधवार को नवादा गांव में आयोजित की गई।

इस बैठक में बिजली विभाग और प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन की योजना तैयार की गई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रविंद्र नागर के आवास पर हुई इस बैठक की अध्यक्षता छतर सिंह भाटी ने की, जबकि संचालन एडवोकेट श्यामवीर नागर ने किया।

संगठन ने यमुना प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा किसानों के साथ हो रहे कथित अन्याय को लेकर आंदोलन की रूपरेखा बनाई। इसमें 64.7 प्रतिशत मुआवजा और 10 प्रतिशत प्लॉट से संबंधित मुद्दे शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड के विरुद्ध बिजली समस्याओं को लेकर भी आंदोलन की योजना तैयार की गई।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान ने कई पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपीं। लीले को प्रदेश उपाध्यक्ष, जगत सिंह को जिला प्रचार मंत्री, रूपन खारी और भगत सिंह को जिला उपाध्यक्ष, समयवीर नागर को जिला महासचिव, राजू नागर को ब्लॉक अध्यक्ष व सुमित नागर को जिला प्रभारी गौतमबुद्धनगर नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राकेश, योगेंद्र अत्री, युवा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, युवा उपाध्यक्ष पंकज सिंह, जिले सिंह, फिरे नंबरदार, त्रिलोक नवादा, रोहित नागर, रामवीर, अशोक, आजाद, देवेंद्र, प्रेम सिंह, भगत सिंह, गौरव नागर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नोएडा प्राधिकरण पर 81 गांवों के किसानों का प्रदर्शन

### गेट पर धक्का-मुक्की, बोले- यह हमारे अधिकार और सम्मान की लड़ाई

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ किसानों का बड़ा आंदोलन शुरू हो गया है। बुधवार को भारतीय किसान मंच के नेतृत्व में 81 गांवों के किसान प्राधिकरण दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। उनकी मांग है कि आबादी की जमीन का निस्तारण किया जाए, अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा बढ़ाया जाए और प्रभावित परिवारों को रोजगार व पुनर्वास का अधिकार मिले। सुबह से ही सेक्टर-5 स्थित हरौला बारातघर में किसानों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। दोपहर तक सैकड़ों किसान महिलाओं समेत नारेबाजी करते हुए प्राधिकरण कार्यालय की ओर कूच कर गए। किसानों ने कार्यालय में घुसने की कोशिश की तो पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस दौरान दोनों ओर से हल्की धक्का-मुक्की भी हुई, जिससे मौके पर तनाव का माहौल बन गया।



### किसानों की प्रमुख मांगें

किसानों का कहना है कि नोएडा प्राधिकरण उनकी समस्याओं पर वर्षों से ध्यान नहीं दे रहा, जिससे वे सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। आंदोलनकारी किसानों ने साफ कहा है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होंगी, धरना अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा।

आबादी की जमीन का जल्द निस्तारण

अधिग्रहित जमीन का 64 प्रतिशत बढ़ा मुआवजा

प्रभावित परिवारों को स्थायी रोजगार

10 प्रतिशत और 5 प्रतिशत आवासीय प्लॉट का आवंटन

### प्राधिकरण गेट पर धक्का-मुक्की

धरने को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण कार्यालय और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात है। ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई मार्गों पर डायवर्जन लागू किया गया है। प्रशासन ने किसानों से शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं, किसान नेताओं का कहना है कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक होगा।

### किसान बोले अबकी बार आर-पार की लड़ाई

भारतीय किसान मंच के नेता सुधीर चौहान ने कहा, हम सालों से प्राधिकरण से अपनी मांगें रखने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब किसान आर-पार के मूड में हैं। जब तक मुआवजा और जमीन से जुड़े मुद्दे हल नहीं होंगे, धरना खत्म नहीं होगा।


# शिकायत दर्ज करने में भ्रम दूर करने के लिए यू.पी. रेरा की पहल, फॉर्म 'एम' और 'एन' के बीच अंतर स्पष्ट किया

**लखनऊ / गौतमबुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यू.पी. रेरा) ने गृह-खरीदारों के हितों की रक्षा और रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को और अधिक स्पष्ट बनाने के लिए यू.पी. रेरा ने फॉर्म 'एम' और फॉर्म 'एन' के बीच का अंतर आम जनता के सामने स्पष्ट किया है।

रेरा ने बताया कि कई बार शिकायतकर्ताओं में भ्रम की स्थिति बन जाती है कि कौन-सा फॉर्म किस प्रकार की शिकायत के लिए उपयुक्त है। ऐसे में प्राधिकरण ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए दोनों फॉर्मों की प्रकृति और उपयोग को स्पष्ट किया है।

### धारा 31 के तहत शिकायत का अधिकार

रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 31 के अंतर्गत कोई भी प्रभावित व्यक्ति — चाहे वह गृह-खरीदार हो, प्रमोटर हो या आलॉटियों का संघ (AOA) — अधिनियम के उल्लंघन से संबंधित शिकायत यू.पी. रेरा या निर्णय अधिकारी के समक्ष दर्ज कर सकता है।




### फॉर्म 'एम' और 'एन' का अंतर

**यू.पी. रेरा के अनुसार —**

- फॉर्म 'एम' में वे शिकायतें दर्ज की जाती हैं जो रिफंड, कब्जा न मिलने, देरी पर ब्याज या बिल्डर-बायर एग्रीमेंट (BBA) के उल्लंघन से संबंधित हों।
- फॉर्म 'एन' केवल क्षतिपूर्ति (Compensation) से जुड़ी शिकायतों के लिए है, जो अधिनियम की धाराओं 12, 14, 18 और 19 के अंतर्गत आती हैं।

### फॉर्म 'एम' के अंतर्गत प्रमुख शिकायतें

प्रमोटर द्वारा समय पर कब्जा न देना, ओसी/सीसी प्राप्त न करना या हैंडओवर में देरी, लेआउट में बदलाव, मेंटेनेंस हैंडओवर न करना, जिम/क्लब/स्विमिंग पूल/फायर सेफ्टी जैसी सुविधाओं की कमी आदि। इन मामलों में रिफंड या ब्याज की मांग की जा सकती है।

### फॉर्म 'एन' के अंतर्गत शिकायतें

यदि प्रमोटर ने भ्रामक जानकारी दी हो, स्वीकृत नक्शे का उल्लंघन किया हो, कब्जा न देने से नुकसान हुआ हो या आलॉटी के अधिकारों का हनन हुआ हो — तो ऐसी स्थिति में शिकायत फॉर्म 'एन' में की जाएगी, जो केवल निर्णय अधिकारी के समक्ष जाती है।

### शुल्क और प्रक्रिया

दोनों फॉर्मों के लिए 1,000 का नाममात्र शुल्क तय किया गया है। शिकायत दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है।

1. वेबसाइट https://www.up-rera.in पर लॉगिन करें।
2. शिकायत का प्रकार चुनें — फॉर्म 'एम' या फॉर्म 'एन'।
3. संबंधित दस्तावेज़ (BBA, अलॉटमेंट लेटर, भुगतान रसीदें आदि) अपलोड करें।
4. शुल्क जमा कर शिकायत सबमिट करें।
5. रसीद संख्या प्राप्त कर भविष्य में स्थिति देखी जा सकती है।

### यू.पी. रेरा अध्यक्ष श्री संजय भूसरेड्डी का वक्तव्य

यू.पी. रेरा के अध्यक्ष श्री संजय भूसरेड्डी ने कहा — रेरा का उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित करना है। शिकायत निस्तारण की गति और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि शिकायतकर्ता सही फॉर्म का चयन करें। फॉर्म 'एम' धनवापसी, कब्जा या देरी पर ब्याज से जुड़े मामलों के लिए है, जबकि फॉर्म 'एन' केवल क्षतिपूर्ति संबंधी शिकायतों के लिए है। हमारी कोशिश है कि हर शिकायत का निष्पक्ष और त्वरित निस्तारण हो, ताकि उत्तर प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रति जनविश्वास और मजबूत हो।

# नोएडा में सेवानिवृत इंजीनियर से 1.30 करोड़ की ठगी



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले एक बुजुर्ग सेवानिवृत्त इंजीनियर से अज्ञात साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर एक करोड़ 30 लाख रुपए ठगी की।

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने मंगलवार को साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

### वॉट्सऐप के एक ग्रुप से जोड़ा

अपर पुलिस उपायुक्त शैव्या गोयल ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में महागुन मंत्रा अपार्टमेंट में रहने वाले दया दास ने थाने में दी गई शिकायत में बताया कि 18 अगस्त को सीएचसीपी ग्लोबल सिक्योरिटीज नामक कंपनी की तरफ से उसे वॉट्सऐप पर एक मैसेज मिला।

जिसमें उससे शेयर ट्रेडिंग के लिए कहा गया। पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उसे संदेश भेजने वालों की बातों पर विश्वास हो गया। उनके साथ जुड़कर शेयर ट्रेडिंग में निवेश करना शुरू कर दिया।

### पहले दिखा मुनाफा

आरोपियों ने शुरू में थोड़ी-थोड़ी रकम निवेश करवाई, जिसके बाद निवेश की गई रकम पोर्टल पर ज्यादा दिखने लगी।

वह साइबर अपराधियों के झांसे में आ गया और धीरे-धीरे करके उसने कई बार में उनके बताए हुए विभिन्न खातों में एक करोड़ 30 लाख रुपए से ज्यादा की रकम ट्रांसफर कर दी। पीड़ित ने शिकायत में कहा कि उसे पोर्टल पर अपनी रकम कई गुना बढ़ी हुई दिखाई दे रही थी, ऐसे में जब उसने रकम निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसपर और रकम जमा करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। रकम जमा करने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने उसे वॉट्सऐप ग्रुप से बाहर निकाल दिया।

उसके साथ 20 अगस्त से 18 अक्टूबर के बीच धोखाधड़ी हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

## सांसद एवं विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन 03 एवं 04 नवम्बर को होगा

**गौतम बुद्ध नगर।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर महिपाल सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद में माननीय सांसद एवं विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन आगामी 03 नवम्बर 2025 को ग्राम सभा रबूपुरा (जेवर) तथा 04 नवम्बर 2025 को मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज, दादरी में प्रात: 8: 00 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं फुटबॉल सहित विभिन्न खेल विधाओं में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इन प्रतियोगिताओं में सब-जूनियर वर्ग (पुरुष), जूनियर वर्ग (पुरुष), सीनियर वर्ग (पुरुष), जूनियर वर्ग (महिला) तथा सीनियर वर्ग (महिला) श्रेणियों में प्रतिभागी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने ने बताया कि माननीय विधायक खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करने के इच्छुक खिलाड़ी युवा साथी पोर्टल http://yuvasathi.in पर तथा माननीय सांसद खेल स्पर्धा हेतु www.sansadkhelmahotsav.in पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

## पेंशनरों के लिए 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक चलेगा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान

**गौतम बुद्ध नगर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतमबुद्धनगर शिखा गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के पेंशनरों के लिए वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत करने की व्यवस्था है, जो एक वर्ष तक प्रभावी रहती है। अब पेंशनरों को कोषागार कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है, वे अपना जीवित प्रमाण पत्र डिजिटल माध्यम से घर बैठे भी भेज सकते हैं। इसके लिए पेंशनर अपनी बैंक शाखा के माध्यम से अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने मोबाइल फोन से भी प्रमाण पत्र भेज सकते हैं। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि पेंशनर अपने मोबाइल पर आधार फेस आर.डी. ऐप एवं जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड कर आसानी से यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। यह विधि सरल, सुरक्षित और अत्यंत सुविधाजनक है। उन्होंने बताया कि जिन पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो रही है, वे शीघ्र अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट भर दें ताकि उनकी पेंशन निर्बाध रूप से जारी रह सके।

## ग्रेटर नोएडा में बीच सड़क पर युवक से मारपीट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में मंगलवार को रॉयल पूर्वांचल हाइट्स सोसाइटी के पास एक स्कॉर्पियो सवार युवक की बीच सड़क पर पिटाई और गाड़ी में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक, अट्टा पीर निवासी सतीश अपनी स्कॉर्पियो से ग्रेटर नोएडा जा रहा था। रास्ते में कुछ युवकों ने उसकी गाड़ी रोक ली और पुराने विवाद को लेकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने न सिर्फ सतीश को पीटा बल्कि उसकी गाड़ी के शीशे और बॉडी में भी तोड़फोड़ की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति नियंत्रित की। विनीत और राजेंद्र नाम के दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले से आपसी रंजिश थी। घटना का वीडियो पास की सोसाइटी से किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जिसके बाद यह वायरल हो गया।

## ग्रेटर नोएडा में सब्जी विक्रेता घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक सब्जी विक्रेता को पड़ोसियों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। बुधवार शाम को पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित बबलू ने पुलिस को बताया कि वह टेंपो में सब्जी बेचने का काम करते हैं। बुधवार को वह अपने घर से कुछ दूरी पर सब्जी बेच रहे थे, तभी पड़ोस के तीन लोग वहां पहुंचे। उन्होंने रंजिश के चलते बबलू के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। बबलू के विरोध करने पर आरोपियों ने मिलकर उन पर डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में बबलू के हाथ, पैर और कमर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी उनसे पुरानी रंजिश रखते हैं, जिसके चलते उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है।

## ग्रेटर नोएडा में बढ़ा प्रदूषण

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के पार दर्ज किया गया, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी परेशानियां हो रही हैं। हालात को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए हैं। प्राधिकरण ने 6 एंटी-स्मॉग गन तैनात की हैं, जो शहर के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूमकर पानी का छिड़काव कर रही हैं ताकि धूलकण नीचे बैठ सकें। इसके अलावा टैंकरों के जरिए भी नियमित छिड़काव कराया जा रहा है। निर्माणाधीन स्थलों पर प्रदूषण रोकने के लिए बिल्डरों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से छिड़काव करें और साइट पर एंटी-स्मॉग गन अनिवार्य रूप से लगाएं। साथ ही, प्राधिकरण ने चार मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें भी लगाई हैं जो मुख्य सड़कों की धूल हटाने का काम कर रही हैं। प्राधिकरण की एसीईओ लक्ष्मी वी.एस. ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सभी टीमें अलर्ट हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## ट्रक ड्राइवर पर 120 बोरी डीएपी चोरी का आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक ट्रक मालिक ने अपने ड्राइवर पर डीएपी खाद के 120 बोरे गायब करने का आरोप लगाया है। मालिक का कहना है कि ड्राइवर ने डीलरों के साथ मिलकर ये बोरे कस्बे के लोगों को बेच दिए। बुधवार को शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। अलीगढ़ के क्वारसी निवासी मनीष कुमार ने बताया कि उनका ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय है। उनका एक ट्रक ड्राइवर बुधवार सुबह डीएपी के लगभग 600 बोरे लेकर दनकौर कस्बे में एक डीलर के पास पहुंचा था। मनीष कुमार का आरोप है कि ड्राइवर ने कुछ डीलरों के साथ मिलकर ट्रक से करीब 120 बोरे निकालकर किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिए। जब उन्हें इस मामले की जानकारी हुई और उन्होंने ड्राइवर से पूछताछ की, तो ड्राइवर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। चोरी हुए इन बोरों की कीमत लगभग 1 लाख 80 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और उसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा में पड़ोसी ने किशोर को पटका

**जेवर।** दनकौर कस्बे में रंजिश के चलते एक पड़ोसी ने 13 वर्षीय किशोर को उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे वह घायल हो गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित किशोर का एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीरवाला मोहल्ला निवासी रिजवान ने बताया कि मंगलवार देर शाम उनका बेटा किसी काम से एक मोबाइल की दुकान पर गया था। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति हाथ में डंडा लेकर वहां पहुंचा और उनके बेटे के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपी ने किशोर को गर्दन से उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसे चोटें आईं। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर किशोर को आरोपी के चंगुल से बचाया। पीड़ित बच्चे को बचाने पहुंची उसकी मां के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी उनसे पुरानी रंजिश मानता है और आए दिन गाली-गलौज करता रहता है।

# अनाधिकृत बसों पर एआरटीओ की बड़ी कार्रवाई, दो बसें सीज, तीन के चालान से 1.57 लाख वसूले

## जनपद के विभिन्न मार्गों पर चला सघन चेकिंग अभियान, मानक विरुद्ध बस संचालन पर कसी नकेल

**पीलीभीत।** परिवहन नियमों की अनदेखी कर अनाधिकृत रूप से चल रही बसों पर अब प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। बुधवार को एआरटीओ (प्रवर्तन) वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में जनपद के विभिन्न मार्गों पर एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई बाहरी राज्यों की बसें नियमों का उल्लंघन करती हुई पाई गईं, जिनके विरुद्ध विभाग ने कड़ी कार्रवाई की।

अभियान के दौरान क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने, परमिट शर्तों के उल्लंघन, और सुरक्षा मानकों की अवहेलना जैसे मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। एआरटीओ टीम ने जनपद में प्रवेश करने वाली और गुजरने वाली सभी बसों की सघन जांच की।

चेकिंग के दौरान जम्मू-कश्मीर नंबर की एक बस को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर एवं परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग ने बस को पूरनपुर गेट पुलिस चौकी पर सीज कर दिया।

### नागालैंड की स्लीपर बस में मानक विरुद्ध परिवर्तन

इसी क्रम में नागालैंड नंबर की एक स्लीपर बस को भी गंभीर अनियमितताओं के चलते पकड़ा गया।

जांच में पता चला कि बस में मानक सीट क्षमता से अधिक सीटें जोड़ी गई थीं। इतना ही नहीं, आपात स्थिति में उपयोग होने वाला इमरजेंसी गेट भी नहीं लगाया गया था, जिससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में थी। साथ ही बस में ऊपर की छत तक सामान लदा हुआ था




और सवारियों की संख्या भी निर्धारित सीमा से अधिक थी।

इन गंभीर उल्लंघनों के कारण बस को थाना गजरौला में सीज कर दिया गया। मामले की तकनीकी जांच के लिए तकनीकी अधिकारी एआरटीओ वैभव सोती को निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### अन्य तीन बसों का भी चालान, 1.57 लाख की वसूली

इसी अभियान के दौरान अन्य प्रदेशों से आवागमन करने वाली तीन और बसें भी नियमों का उल्लंघन करते हुए पाई गईं। इनमें क्षमता से अधिक सवारी बैठाने और परमिट शर्तों का पालन न करने जैसे मामले सामने आए।

इन बसों के विरुद्ध प्रवर्तन टीम ने चालान की कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप कुल 1,57,000 का प्रशमन शुल्क वसूला गया।

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अनाधिकृत या परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए बसें संचालित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी स्थिति में परिवहन नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस तरह के सघन प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर रूप से जारी रहेंगे, ताकि जनपद की सड़कों पर सुरक्षित और नियमों के अनुरूप परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

परिवहन विभाग के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य केवल बसों का चालान भर नहीं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और जनहित से जुड़ी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना है। विभाग की टीम यह भी सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी बस में सुरक्षा उपकरण, फर्स्ट एड किट, अग्निशमन यंत्र और इमरजेंसी गेट की उपलब्धता मानक के अनुरूप हो।इस सघन कार्रवाई से जनपद भर में बस संचालकों में हड़कंप मच गया है। वहीं, आम नागरिकों और यात्रियों ने एआरटीओ टीम की इस तत्परता की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि आगे भी इस प्रकार की नियमित चेकिंग से अनधिकृत बस संचालन पर रोक लग सकेगी।

# शार्ट न्यूज

## पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** तालबेहट पुलिस ने पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 406/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस व 11/12 व 16/17 पॉक्सो एक्ट मे वांछित अभियुक्त गुलशन उर्फ राम जोशी पुत्र अखिलेश जोशी उम्र करीब 20 वर्ष नि0 ग्राम टीकामऊ थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्र.नि. मनोज मिश्रा उ.नि. मानवेन्द्र सिंह परमार चौकी प्रभारी तेरई फाटक का. सूरज सिंह आदि शामिल रहे।

## मिर्जापुर में ट्रक-ऑटो की टक्कर

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में एक ऑटो रिक्शा और खाली गैस सिलेंडर लेकर जा रहे टैंकर की टक्कर हो गई। हादसे में 9 कबड्डी खिलाड़ी और कोच घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से तीन खिलाड़ियों को गंभीर हालत में वाराणसी रेफर कर दिया गया। ये सभी खिलाड़ी मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने आ रहे थे। हादसा देहात कोतवाली क्षेत्र के जसोवर मोड़ के पास मंगलवार की रात नौ बजे हुआ है। बताया जाता है कि सभी अंडर-16 वर्ग की खिलाड़ी कानपुर मंडल की हैं। कोच के साथ कानपुर से निकलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मिर्जापुर आ रही थीं। मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद बरकछा स्थित बीएचयू साउथ कैंपस की तरफ ऑटो लेकर जा रही थीं। जसौवर पहाड़ी के पास पहुंचते ही गैस खाली सिलिंडर से भरे ट्रक ने सामने से ऑटो में टक्कर मार दी।

## यूपी में प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या

**हमीरपुर।** हमीरपुर में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बुधवार की शाम करीब साढ़े 5 बजे वह अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। लड़की की शादी उसके घरवालों ने तय कर दी थी। इसलिए लड़के ने प्रेमिका को आखिरी बार मिलने के लिए राजी किया था। लेकिन युवक को लड़की के घरवालों ने पकड़ लिया। युवक सल्फॉस और चाकू लेकर पहुंचा था। आरोप है कि उसने लड़की के चाचा पर चाकू से हमला किया। इससे वह भी घायल हो गए। इसके बाद गांव के लोगों ने युवक को बंधक बना लिया। उसके हाथ-पैर बांध दिए। फिर लाठी-डंडे से इस कदर पीटा कि उसकी जान चली गई। उधर, प्रेमी की मौत की खबर पाकर प्रेमिका ने भी अपना गला रेत लिया। उसकी हालत नाजुक है। घायल लड़की और उसके चाचा को अस्पताल ले जाया गया है। मामला मौदहा कोतवाली क्षेत्र के परछछ गांव का है। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों के बयान लिए गए हैं।

## बलिया में बकरी विवाद में महिला की मौत

**बलिया।** बलिया के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के चक्खान गांव में बुधवार को बकरी को लेकर हुए विवाद में एक महिला की मौत हो गई। दो नट परिवारों के बीच हुई मारपीट में 37 वर्षीय विक्की देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिनकी इलाज के दौरान जान चली गई। जानकारी के अनुसार, चक्खान गांव की सुगिया देवी और बिंदु देवी के परिजनों के बीच बकरी को लेकर कहासुनी हुई थी। यह विवाद जल्द ही हिंसक हो गया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। इसी दौरान नेटर नट की पत्नी विक्की देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें तुरंत सिकंदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान विक्की देवी ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर सिकंदरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतका के पीछे तीन बेटियां और चार बेटे हैं। इस संबंध में चौकी प्रभारी सिकंदरपुर अश्विनी मिश्रा ने बताया कि अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन पुलिस जांच में जुटी है और नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दहेज प्रताड़ना से तंग महिला ने फांसी लगाई

**फतेहपुर।** फतेहपुर में एक महिला ने कथित तौर पर ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने महिला की हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना जिले के गाजीपुर थाना क्षेत्र के पखरौली गांव में हुई। कमल कुमार लोधी की 22 वर्षीय पत्नी मोनी देवी का शव घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोनी देवी की मौत की खबर सुनकर उनके बाबा रामनाथ गौसपुर, थाना कल्याणपुर के निवासी हैं। वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि अपने बेटे की मृत्यु के बाद उन्होंने अपनी नातिन मोनी की शादी 2 दिसंबर 2023 को कमल कुमार लोधी से रीति-रिवाज और दहेज के साथ की थी। रामनाथ का आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर मोनी के साथ अक्सर मारपीट करते थे।

# सर्राफा दुकान से चोर उठा ले गए भारी तिजोरी, गन्ने के खेत में मिली खाली

## रात में शटर के कुंडे काटकर घुसे चोर, 3.50 लाख के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ

**पीलीभीत।** जहानाबाद क्षेत्र में मंगलवार की रात चोरों ने एक सर्राफा दुकान में सेंध लगाकर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान में रखी भारी तिजोरी उठा ले गए, जिसे बुधवार सुबह दुकान से लगभग 500 मीटर दूर गन्ने के खेत में खाली अवस्था में फेंका हुआ पाया गया। तिजोरी में रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी पूरी तरह गायब थे।

> 'चोरों ने जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया है, उससे स्पष्ट है कि उन्होंने पहले से पूरी रेकी की थी। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।'
>
> **सीओ नताशा गोयल, पीलीभीत**

### शटर के कुंडे काटकर दुकान में घुसे चोर

जानकारी के अनुसार, जहानाबाद थाना क्षेत्र के रम्पुरा मिश्र चौराहा स्थित संतोष गंगवार की सराफा दुकान को निशाना बनाया गया। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अंदर रखी तिजोरी उठा ले गए।

बुधवार सुबह ग्रामीणों ने गन्ने के खेत में तिजोरी देखी तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर सीओ सदर आईपीएस नताशा गोयल और पुलिस टीम पहुंची तथा घटना स्थल का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि दुकान का शटर काटा गया था और ताले उसी में लटकते हुए मिले, जिससे स्पष्ट हुआ कि चोरों ने बारीकी से वारदात को अंजाम दिया।

### तीन लाख पचास हजार के जेवरात चोरी

दुकान स्वामी संतोष गंगवार, निवासी गांव गूलड़ डांडी, थाना नवाबगंज (बरेली), ने बताया कि वह रोज की तरह मंगलवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने दुकान में घुसकर तिजोरी उठा ली।

उनके अनुसार, तिजोरी में लगभग 3.50 लाख के सोने-चांदी के जेवर और कुछ नकदी रखी हुई थी।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखे चार संदिग्ध

पुलिस ने आसपास की दुकानों और जनसेवा केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। फुटेज में चार संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए हैं। बाद में उन्होंने डंडे से कैमरे को ऊपर कर दिया, जिससे तिजोरी उठाकर ले जाने की रिकॉर्डिंग नहीं हो सकी।

### स्थानीय लोगों में दहशत

घटना की जानकारी फैलते ही स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

लोगों का कहना है कि चोरों ने इतनी भारी तिजोरी आधा किलोमीटर तक ले जाकर खेत में फेंक दी, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। इससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

सीओ नताशा गोयल ने बताया कि पुलिस टीम मामले की गहराई से जांच कर रही है। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# प्रयागराज में सफारी ने 4 बाइक सवारों को रौंदा: एक युवक की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। सफारी कार ने 70 की स्पीड से 4 बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि महिला समेत 3 लोग घायल हैं। हादसे के बाद ड्राइवर कार लेकर भाग निकला। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। आनन-फानन में घायलों को काल्विन अस्पताल में भर्ती कराया गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दो बाइकें पूरी तरह टूटकर बिखर गईं। मृतक की पहचान मुंडेरा निवासी रोहित कुशवाहा (36) के रूप में हुई है। घायलों में विद्याभूषण (36) निवासी करछना, संजय अग्रहरि (52) निवासी हिम्मतगंज और मंजू (40) पत्नी सुनील कुमार निवासी कर्बला शामिल हैं। मंजू के सिर में चोट थी, उन्हें काल्विन हॉस्पिटल में इलाज बाद घर भेज दिया गया। एक अन्य घायल विद्याभूषण को भी इलाज के बाद घर भेज दिया गया। संजय एडमिट हैं। चौफटका पुल पर डिवाइडर नहीं है, जिससे दोनों दिशाओं से वाहन आ-जा रहे थे। बुधवार सुबह करीब 8: 45 बजे कर्बला की ओर से तेज रफ्तार कार धूमनगंज की तरफ जा रही थी। पुल पर सामने से आ रहे बाइक सवारों को कार ने टक्कर मार दी। इसके बाद कार की रफ्तार और बढ़ गई।

# मिशन शक्ति के तहत ललितपुर पुलिस ने किया जागरूक



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत ललितपुर की पुलिस टीमों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता , यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की । इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच / बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया । महिलाओं / बालिकाओं को बताया गया कि बस/रास्तों/सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया ।

मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि का सावधानी से उपयोग करने एवं इसके माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दे कर जागरुक किया गया । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन , 181 वीमेन हैल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन सेवा व 1930 साइबर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# गाजियाबाद में भाजपा पार्षद शीतल देओल पर फायरिंग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से वार्ड 9 की भाजपा पार्षद शीतल देवल पर आज देर शाम कर सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। भाजपा पार्षद कार से नोएडा के दादरी से अपने घर गाजियाबाद लौट रही थी, एक्सप्रेसवे से उतरने के बाद वह पुलिस लाइन रोड से जैसे ही अपने घर की तरफ चली।


तभी मधुबन बापूधाम क्षेत्र में कार सवार हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर गोली चला दी। जिसमें बताया गया है कि वह सुरक्षित हैं, लेकिन हमलावरों ने करीब 1 किलोमीटर दूर से उनका पीछा किया। गनीमत रही कि उनके साथ कोई अनहोनी नहीं हुई। भाजपा पार्षद पर हमले की सूचना पर भाजपा नेताओं को सूचना दी। सूचना के बाद डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची। रात में वह अपने समर्थकों के साथ मधुबन बापूधाम थाने पहुंची, और पूरे मामले में पुलिस को घटना की जानकारी दी।

भाजपा की पार्षद शीतल देओल ने 3 दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी की थी। वीडियो में उन्होंने कहा था कि मेरी गलत तरीके से छवि खराब की जा। जिसमें एक नेता कानों ने जिक्र किया था यह नेता एक पार्टी से जुड़ा है।

# एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से की अपराध समीक्षा बैठक

## आगामी राष्ट्रीय एकता दिवस की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिए दिशा निर्देश

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/थाना/शाखा प्रभारियों के साथ गूगल मीटिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । मीटिंग के दौरान जागरूकता बढ़ाने, त्वरित कार्रवाई व तकनीकी सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। आज की गूगल मीटिंग के बिन्दु निम्नवत हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस आगामी राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी तथा 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों—जैसे रन फॉर यूनिटी, शपथ ग्रहण समारोह



एवं अन्य जन-जागरूकता कार्यक्रमों—को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।साइबर अपराध, साइबर अपराध की आधारभूत जानकारी देते हुए IyC, MHA, साइबर हैड क्वाटर व पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा निर्गत आदेश-निर्देशों के विषय में विस्तृत जानकारी देकर उसका अक्षरस: अनुपालन करने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियो/थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया ।

साइबर अपराध के विषय में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष रूप से निर्देश गिये गये । Frauded Amount को Lien करने के के लिये अपनायी जाने वाली SOP के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी तथा उसका अक्षरश- अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी जा सके Mobile no/IMEI Blocking/Unblocking के सम्बन्ध में निर्धारित स्ह्वक्क का अनुपालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । Interim complaints व Reassign requests के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित थाना/जनपद स्तरीय साइबर क्राइम सेल को निर्देशित किया गया कि इस प्रकार की शिकायतों का त्वरित रूप से संज्ञान लेकर सम्बन्धित पोर्टल पर आवश्यक डाटा का भरना/अपलोड़ करना सुनिश्चित करें जिससे कि उक्त शिकायत का उचित व प्रभावी रूप से निस्तारण किया जाना सुनिश्चित हो सके।

# नवागंतुक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने संभाला पदभार, बताई प्राथमिकताएं

**जनपद में अतिक्रमण, अवैध खनन, अवैध कब्जा और अवैध शराब की बिक्री से निपटने के लिए की जाएगी प्रभावी कार्यवाही : डीएम सत्य प्रकाश**



**ललितपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के आईएएस अधिकारी सत्य प्रकाश ने 29 अक्टूबर बुधवार को जनपद के जिलाधिकारी के रूप में कलैक्ट्रेट सभागार में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया और जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण कराया।

इसके साथ ही उन्होंने मीडिया बंधुओं से वार्ता कर जिले के विकास के लिए अपनी प्राथमिकताएं बतायीं। नवागंतुक जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों का परिचय प्राप्त करते हुए बताया कि वे 2016 बैच के अधिकारी हैं, जिन्हे पहली पोस्टिंग चित्रकूट में असिस्टेंट कलेक्टर के रूप में मिली थी।

दूसरी पोस्टिंग जौनपुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुप में, फतेहपुर में मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज में सहायक आयुक्त आबकारी एवं झासी में नगर आयुक्त के पद पर तैनात रहे तथा वर्तमान में ललितपुर में जिलाधिकारी के रुप में पदभार ग्रहण कर रहे हैं।

उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि जनपद के सभी विभागों में जनता दरबार के प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा, निर्धारित समय में विभागों के अधिकारी व वे स्वयं अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का निस्तारण करायेंगे, इसके साथ ही रैण्डम आधार पर विभागों का निरीक्षण किया जाएगा और अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा अधिकारियों से सुनिश्चित कराया जाएगा कि वे आम जनता और पत्रकारों के फोन उठाकर उनकी समस्याएं सुनेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनता और पत्रकार बंधुओं के द्वारा जनपद की जो भी समस्याएं बतायी जायेंगी उनकी निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। शहर की ज्वलंत समस्या अतिक्रमण, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध खनन, अवैध कब्जे और अवैध शराब की बिक्री से निपटने के लिए मास्टर प्लान बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

# मथुरा में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**मथुरा।** कोसीकलां के कृष्णा विहार कॉलोनी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार, शबनम नामक महिला ने कथित तौर पर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया था। वह कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी की पत्नी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के पिता निजाम ने बताया कि उन्होंने पांच महीने पहले अपनी बेटी शबनम की शादी एक युवक से की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे और इसी कारण उसकी हत्या की गई है। थाना प्रभारी बी.एन. सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

# जिलाधिकारी ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर जनपद में प्रभावी एसआईआर कराने की बनायी रणनीति

**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025-26 कार्यक्रम के सम्बंध में आयोग द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों की जानकारी जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्रदान कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का परिचय प्राप्त करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक एसआईआर से सम्बंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण




कराया जाएगा, 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराये जायेंगे, 09 दिसम्बर को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा, दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस जारी किये जायेंगे, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण तथा गणना प्रपत्रों का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किया जाएगा तथा 07 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि अतिंम पुनरीक्षण की सूची सभी बीएलओ को प्राप्त करा दी गई है।

इसके अलावा उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से उनके सुझाव भी जाने और उप जिला निर्वाचन अधिकारी को इनका निस्तारण कराने के निर्देश भी दिये।

उप जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने राजनैतिक दलों को एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध करना है, वर्ष 1951 से 2004 तक 8 बार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण किया जा चुका है, प्रदेश में अन्तिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था, जिससे जनपद की दोनो विधानसभाओं में मतदाता सूची का 60 प्रतिशत मिलान हो चुका है।

उन्होंने पीपीटी के माध्यम से एसआईआर की प्रक्रिया, मुख्य चरण, सांकेतिक दस्तावेजों की सूची, प्रमुख पदाधिकारी सहित विभिन्न चरणों के बारे में जानकारी दी।

बैठक के उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम भण्डार गृह का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

## संक्षिप्त समाचार

### घर की सफाई नहीं की तो चंद्रप्रभा ने काट डाला पति का गला, अमेरिका में हुई गिरफ्तार

**नॉर्थ कैरोलिना, एजेंसी।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना से हाल ही में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां राज्य के शार्लोट में घरेलू विवाद के बाद एक 44 वर्षीय भारतीय मूल की महिला ने कथित तौर पर अपने पति का गला काट दिया। जानकारी के मुताबिक घटना बीते 12 अक्टूबर को हुई। धारदार हथियार से चाकू से वार करने के आरोप में महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला की पहचान चंद्रप्रभा सिंह के रूप में हुई है। ड्ड्ढड्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक महिला एक प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका की सहायक के रूप में काम करती थी। गिरफ्तारी वारंट के मुताबिक उस पर अवैध रूप से जानबूझकर, अपराधपूर्ण तरीके से किसी अन्य व्यक्ति पर हमले का आरोप लगाया गया है। उसका पति हमले में गंभीर रूप से घायल हुआ और फिलहाल उसका इलाज जारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पति-पत्नी के बीच मामली बात को लेकर बड़ा झगड़ा हो गया था। चंद्रप्रभा ने कहा कि उसके पति ने घर की सफाई करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद वह निराश हो गई। हालांकि उसने पुलिस को बताया कि जब वह नाश्ता बनाने लगी तो गलती से पति को चाकू लग गई। वहीं पति ने बताया कि चंद्रप्रभा ने उस पर जानबूझकर हमला किया, जिसके बाद उसमें 911 पर कॉल किया। आरोपी महिला को शुरूआत में एक मजिस्ट्रेट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। हालांकि 13 अक्टूबर को अदालत में पेशी के दौरान उसे 10,000 डॉलर की जमानती राशि पर बेल मिल गई। फिलहाल महिला को जेल से रिहा कर दिया गया है लेकिन उसे घायल पति से कोई बातचीत ना करने का आदेश दिया गया है।

### ब्रिटेन में एलजीबीटीक्यू+ सैनिकों को समर्पित पहला राष्ट्रीय स्मारक

**लंदन, एजेंसी।** किंग चार्ल्स तृतीय ने सोमवार को ब्रिटेन के पहले राष्ट्रीय स्मारक को समर्पित किया, जो एलजीबीटीक्यू+ (लेस्बियन, गे, बाइसेक्शुअल और ट्रांसजेंडर) सैनिकों के सम्मान में बनाया गया है। यह समारोह मध्य इंग्लैंड के नेशनल मेमोरियल आर्बोरेटम में आयोजित हुआ। स्मारक को उन सैनिकों की याद में बनाया गया है जिन्हें 1967 से 2000 के बीच समलैंगिक या ट्रांसजेंडर होने के कारण सेना से निष्कासित कर दिया गया था। किंग चार्ल्स ने समारोह में फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। 1999 में यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय के आदेश के बाद ब्रिटेन ने सेना में समलैंगिकता पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया था। 2023 में तत्कालीन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इस अन्याय के लिए औपचारिक माफी मांगी थी और पीड़ित सैनिकों को मुआवजा देने की योजना शुरू की थी।

### डच सांसद की वजह से अप्रवासन मुद्दे पर नीदरलैंड में फिर चुनाव

**एम्स्टर्डम , एजेंसी।** नीदरलैंड में प्रवासी-विरोधी सांसद गीर्ट वाइल्डर्स के कारण नीदरलैंड में एक बार फिर अचानक चुनाव हो रहे हैं। दरअसल, वाइल्डर्स ने अपने दक्षिणपंथी एजेंडे के चलते गठबंधन सरकार से अपने मंत्रियों को हटा दिया था, जिससे जून में फिर से चुनावों का एलान हुआ। अप्रवासन को नियंत्रित करने का मुद्दा इस बार नीदरलैंड चुनाव अभियान में हावी रहा है। हालांकि, एग्जिट पोल बताते हैं कि अगर वाइल्डर्स फिर से जीतते भी हैं, तब भी उनके के लिए बहुमत का गठबंधन बनाना मुश्किल होगा। वाइल्डर्स ने नीदरलैंड में अप्रवासन को पूरी तरह रोकने के लिए 10 सूत्रीय योजना पर ध्यान केंद्रित किया है। जर्मनी में प्रोफेसर लियोनी डी जोंग ने कहा है कि यह दूर-दक्षिणपंथ की वैश्विक बढ़ोतरी के अनुरूप है।

### तिब्बती व्यक्ति को अमेरिका में दो साल से अधिक की जेल

**ल्हासा, एजेंसी।** तिब्बत के एक व्यक्ति को वित्तीय लाभ के लिए फर्जी शरण आवेदन जमा करने की साजिश में शामिल होने के लिए दो साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई गई है। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। जानकारी के मुताबिक, तेनजिन नोरबू (56) को 27 महीने की जेल और 170,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भुगतान करने का आदेश दिया गया है। जांच से पता चला कि 2007 से 2018 के बीच, नोरबू ने अपने और कई अन्य लोगों के शरण आवेदन तैयार किए थे, जिनमें झूठी कहानियां गढ़ी गई थीं। जांच के दौरान नोरबू अमेरिका से कनाडा भाग गया था। लेकिन, पांच साल बाद उसे अमेरिका को सौंप दिया गया। कोर्ट के दस्तावेजों में कहा गया है कि यह मामला लगभग 100 लोगों को प्रभावित कर रहा है।

# ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट करेगा जापान: अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री तकाइची से मुलाकात की

**टोक्यो, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को जापान की नई प्रधानमंत्री साने तकाइची से टोक्यो के अकासाका पैलेस मुलाकात की। इस दौरान ट्रम्प ने जापान को अमेरिका का सबसे मजबूत सहयोगी बताया। साथ ही जापान की हर संभव मदद का ऐलान किया। तकाइची हाल ही में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं। दोनों के बीच बैठक में ट्रेड और सिक्योरिटी के मुद्दे पर बात हुई। तकाइची ने घोषणा की कि जापान, अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर अगले साल 250 चेरी के पेड़ भेंट करेगा। साथ ही ट्रम्प को अगले साल नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट भी करेगा। ट्रम्प सोमवार को जापान पहुंचे थे, जहां उन्होंने सम्राट नारुहितो से मुलाकात की। ट्रम्प आज दोपहर तकाइची के साथ योकोसुका नौसैनिक अड्डे का दौरा करेंगे। यहां अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन तैनात है।

**अमेरिका में 550 अरब डॉलर निवेश करेगा जापान :** ट्रम्प और तकाइची ने मंगलवार को ट्रेड और रेयर अर्थ मिनरल्स से जुड़े दो अहम समझौतों पर साइन किए। व्यापार समझौते के तहत जापान, अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इसके बदले में अमेरिका, जापानी निर्यात पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। रेयर अर्थ मिनरल्स से जुड़े समझौते का मकसद इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए जरूरी खनिजों की सप्लाई चेन को मजबूत बनाना है। माना जा रहा है कि यह कदम



ट्रम्प पर जापान से रक्षा खर्च बढ़ाने के दबाव को कम कर सकता है। ट्रम्प चाहते हैं कि जापान अपनी सेना पर ज्यादा पैसे खर्च करे। तकायची ने पिछले को बताया था कि जापान अपने रक्षा बजट को देश की जीडीपी का 2% तक बढ़ाएगा। बैठक के दौरान ट्रम्प और तकाइची ने दिवंगत जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे को भी याद किया। तकाइची ने ट्रम्प को आबे का गोल्फ क्लब गिफ्ट में देने की बात कही।

**दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति से मिलेंगे ट्रम्प :** जापान के बाद ट्रम्प दक्षिण कोरिया पहुंचेंगे। जहां वे एशिया-पेसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यहां पर उनकी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात होगी। ट्रम्प चीन से एक व्यापार समझौता करना चाहते हैं ताकि व्यापार युद्ध खत्म हो सके। इस समझौते में अमेरिकी सोयाबीन की खरीद, दुर्लभ मिट्टी के खनिजों पर प्रतिबंध हटाना और फेंटेनिल जैसी दवाओं के कच्चे माल पर नियंत्रण शामिल है। अमेरिका ने फरवरी 2025 में चीन पर 10% टैरिफ लगाया था, जो अप्रैल तक 145% हो गया। ट्रम्प को लगता है कि यह डील उनकी महान डीलमेकर की छवि को और मजबूत करेगी। ट्रम्प के मलेशिया पहुंचने से पहले अमेरिका और चीन के बड़े अधिकारियों ने शनिवार को कुआलालंपुर में ट्रेड वार्ता की। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं ट्रेड वॉर रोकने और अगले हफ्ते दक्षिण कोरिया में होने वाले एशिया-पेसिफिक इकोनॉमिक कोऑपरेशन शिखर सम्मेलन में ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात कराने की कोशिश कर रही हैं। यह बातचीत तब हुई जब ट्रम्प ने 1 नवंबर से चीनी सामानों पर 100% टैक्स लगाने और अन्य व्यापार नियम कड़े करने की धमकी दी थी। यह धमकी चीन की तरफ से कुछ खास खनिजों और मैग्नेट के निर्यात पर रोक लगाने के बाद आई थी। ट्रंप-तकाइची की मुलाकात में दिखे हल्के पल इस दौरान दोनों की बैठक के दौरान एक मजेदार लम्हा तब आया, जब ट्रंप ने तकाइची से हाथ मिलाया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, यह तो बहुत मजबूत हैंडशेक है। इस पर प्रधानमंत्री ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया और कहा कि उन्होंने कार्यक्रम से पहले अमेरिकी वर्ल्ड सीरीज का रोमांचक मैच देखा। तकाइची एलान किया कि जापान अगले वर्ष अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर 250 चेरी के पेड़ भेंट करेगा और आकीता प्रीफेक्चर से आतिशबाजी भी भेजेगा। अपने संबोधन में ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का जिक्र किया, जिन्हें वे अपना राजनीतिक मार्गदर्शक मानती हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री आबे अक्सर आपकी ऊर्जावान कूटनीति की तारीफ करते थे। ट्रंप ने भी ताकाइची की भूमिका को अहम बताते हुए कहा, जापान की मदद के लिए जो भी कर सकेंगे, हम करेंगे। हम सबसे मजबूत स्तर पर सहयोगी हैं।

इस बीच दोनों नेताओं ने व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की । ट्रंप लगभग 550 अरब डॉलर के जापानी निवेश को अंतिम रूप देना चाहते हैं, जिससे अमेरिका अपने व्यापार घाटे को कम करने की कोशिश में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तकाइची अमेरिकी कंपनी फोर्ड के स्न-150 ट्रकों की खरीद पर भी विचार कर रही हैं। ट्रंप लंबे समय से जापान की तरफ से अमेरिकी गाड़ियों के न खरीदे जाने की आलोचना करते रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार को टोक्यो में अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन पर तैनात सैनिकों से भी मिलने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को उन्होंने जापान के सम्राट से औपचारिक मुलाकात की थी।

# आइवरी कोस्ट के राष्ट्रपति अलासाने औटारा चौथी बार चुने गए, शुरुआती नतीजों में 89.7% वोट से जीत

**यामौसूकरो , एजेंसी।** आइवरी कोस्ट के राष्ट्रपति अलासाने औटारा को चौथी बार देश का राष्ट्रपति चुना गया है। शुरुआती नतीजों के अनुसार, 83 वर्षीय औटारा को 89.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। रविवार को हुए चुनाव में मतदाता उपस्थिति कम रही और अबीजान की सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिला। औटारा वर्ष 2011 से सत्ता में हैं और उन्हें देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने का श्रेय दिया जाता है। हालांकि, विपक्ष ने उन पर सत्ता पर पकड़ मजबूत करने और लोकतंत्र को कमजोर करने के आरोप लगाए हैं। इस चुनाव में उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया गया था, जिससे औटारा की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। अंतिम नतीजे नवंबर की शुरुआत तक घोषित किए जा सकते हैं।

**चीनी विदेश मंत्री ने रुबियो से बात की :** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात की चीनी विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इस दौरान वांग ने कहा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच लंबे समय से आदान-प्रदान और एक-दूसरे का सम्मान है। मंत्रालय के अनुसार, उन्होंने शी और ट्रंप के संबंधों को चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे मूल्यवान रणनीतिक संपत्ति बताया। यह बातचीत बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सीईओ शिखर सम्मेलन के दौरान शी और ट्रंप के बीच होने वाली संभावित बैठक से पहले हुई।

सोमवार की बातचीत के बारे में चीन की ओर से जारी बयान में सीधे तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं की गई कि दोनों मिलेंगे, लेकिन व्हाइट हाउस ने पहले कहा था कि वे मिलेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि रुबियो और वांग ने दोनों देशों के नेताओं के बीच अमेरिका-चीन संबंधों के महत्व और आगामी बैठक पर चर्चा की, हालांकि उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। दोनों देशों के वार्ताकारों ने सप्ताहांत में मलेशिया में मुलाकात की ताकि राष्ट्रपतियों के लिए सोयाबीन और टिकटॉक जैसे मुद्दों पर विचार करने हेतु एक रूपरेखा व्यापार समझौते पर बातचीत की जा सके। अपेक्षाकृत शांत अवधि के बाद हाल के हफ्तों में दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव फिर से बढ़ गया है। बीजिंग अपने दुर्लभ मृदा नियंत्रण का विस्तार कर रहा है और वाशिंगटन चीनी जहाजों पर अतिरिक्त बंदरगाह शुल्क लगाने पर जोर दे रहा है।

# मेटा ऑस्ट्रेलिया में देगा 270 करोड़ का मुआवजा, कैम्ब्रिज एनालिटिका प्रकरण से जुड़ा है मामला


**सिडनी, एजेंसी।** मेटा ने ऑस्ट्रेलिया में फेसबुक उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता उल्लंघन से संबंधित मामले में पांच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 270 करोड़ रुपये) के मुआवजा फंड की घोषणा की है। यह ऑस्ट्रेलिया में गोपनीयता उल्लंघन के लिए अब तक का सबसे बड़ा भुगतान कार्यक्रम है। करीब 3.11 लाख ऑस्ट्रेलियाई फेसबुक उपयोगकर्ता इस फंड से मुआवजे के पात्र हैं। पात्र दावेदारों की दावा दर्ज करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। इस तरह के भुगतान कार्यक्रम अमेरिका में पहले भी शुरू हो चुके हैं। यह मुआवजा कैम्ब्रिज एनालिटिका प्रकरण से जुड़ा है, जिसमें 2010 के दशक में ब्रिटेन की एक डाटा कंपनी ने दुनिया भर के 8.7 करोड़ फेसबुक प्रोफाइलों से निजी जानकारी एकत्रित की थी। अमेरिका में इस मामले में मेटा पर पांच अरब अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया था और 72.5 करोड़ डॉलर की मुआवजा योजना बनाई गई थी।

**दिसंबर तक समाप्त होगी दावा संबंधी प्रक्रिया :** 'दिस इज यॉर डिजिटल लाइफ' नामक एप के जरिये केवल 53 ऑस्ट्रेलियाई उपयोगकर्ताओं ने यह क्विज इंस्टॉल किया था। ऑस्ट्रेलियाई सूचना आयुक्त ने मेटा के साथ प्रवर्तनीय समझौते के तहत सहमति जताई थी। यह दावा प्रक्रिया 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त होगी।

**कौन कर सकता है दावा :** वे उपयोगकर्ता जो 2 नवंबर, 2013 से 17 दिसंबर, 2015 के बीच फेसबुक पर सक्रिय थे, उस अवधि में कम से कम 30 दिन ऑस्ट्रेलिया में रहे और या तो लाइफ एप इंस्टॉल किया था अथवा किसी ऐसे व्यक्ति के मित्र थे जिसने यह एप इंस्टॉल किया था, वे दावा करने के पात्र हैं।

# फिलिस्तीन में सैनिक भेजेगा पाकिस्तान, गाजा के लिए गली-गली से जुटाया था चंदा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** गाजा में इजरायली हमलों को लेकर चिंतित रहने वाला पाकिस्तान अब वहां अपने सैनिक भेजेगा। पाकिस्तान की सरकार ने गाजा में बड़े पैमाने पर मदद भेजी थी। इसके अलावा इस्लामिक संगठनों ने गली-गली से चंदा और सहायता सामग्री जुटाई थी। अब पाकिस्तान की ओर से वहां सेना भेजने की भी तैयारी है, जो इंटरनेशनल स्टैबिलाइजेशन फोर्स का हिस्सा होगी। फिलहाल सरकार इसे लेकर विचार कर रही है। फिलहाल पाकिस्तान की सेना और सरकार के बीच इसे लेकर चर्चा चल रही है। फिलहाल खबर यही है कि पाकिस्तान की सरकार चाहती है कि हमारी सेना गाजा स्टेबिलाइजेशन फोर्स का हिस्सा बने। गाजा जाने वाली फोर्स में ज्यादातर सैनिक मुस्लिम बहुल देशों के ही रहेंगे। इस फोर्स की



जिम्मेदारी होगी कि आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखे। इसके अलावा यह भी तय किया जाए कि हमास निरस्त्रीकरण हो। वहीं बॉर्डर क्रॉसिंग की सुरक्षा और मानवीय सहायता को लोगों तक पहुंचाने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा गाजा में तमाम इमारतों को दोबारा से बनाने करने की तैयारी है। इनकी निगरानी भी स्टेबिलाइजेशन फोर्स करेगी। अहम बात यह है कि अमेरिकी प्रशासन ने अपने सैनिकों को गाजा भेजने से इनकार किया है। फिलहाल अमेरिका की सलाह पर इंडोनेशिया, यूएई, मिस्र, कतर, तुर्की और अजरबैजान की ओर से सेनाएं भेजी जा रही हैं।

हालांकि इजरायल ने तुर्की के इस फोर्स में शामिल होने पर ऐतराज जताया है। इजरायल का कहना है कि यह सीधे तौर पर हमारे खिलाफ खड़े होना और चैलेंज करना है। रविवार को तो बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा ही था कि हम तय करेंगे कि किन देशों को गाजा में जाने की अनुमति मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने तुर्की के सुरक्षा बलों की भूमिका का विरोध करने की बात भी कही थी। ऐसे में देखना होगा कि तुर्की और पाकिस्तान जैसे देशों की ओर से गाजा में सेना भेजे जाने पर इजरायल का क्या रिएक्शन रहता है।

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर इसमें काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान इस बहाने इस्लामिक दुनिया में खुद को एक मजबूत मुल्क के तौर पर स्थापित करना चाहता है। सालों से पाकिस्तान इस्लामिक मुद्दों पर आक्रामक रहा है और गाजा एवं कश्मीर के मसले को यही रंग देने की उसकी कोशिश रही है।

# क्या सच में टेस्ला को छोड़ देंगे मस्क? बोर्ड प्रमुख ने एक ट्रिलियन डॉलर की वेतन योजना पर चिंता जताई

**ऑस्टिन (टेक्सास), एजेंसी।** टेस्ला की बोर्ड प्रमुख रोबिन डेनहोम ने चेतावनी दी कि अगर शेयरधारक छह नवंबर को कंपनी की सालाना बैठक में एलन मस्क के प्रस्तावित एक ट्रिलियन की भुगतान योजना को स्वीकार नहीं करते हैं, तो मस्क कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे सकते हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अपने निवेशकों को लिखे पत्र में रोबिन डेनहोम ने कहा कि यह प्रदर्शन पर आधारित योजना मस्क को कम से कम अगले साढ़े सात वर्षों तकटेस्ला का नेतृत्व करते रहने के लिए बनाई गई।



उन्होंने कहा कि मस्क का नेतृत्व कंपनी के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा पैकेज नहीं मिला जो उन्हें पद पर बने रहने के लिए प्रोत्साहित करे, तो टेस्ला उनके समय, प्रतिभा और दृष्टि को खो सकता है। उन्होंने आगे कहा, उनका योगदान महत्वपूर्ण है क्योंकि टेस्ला का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और स्वचालित ड्राइविंग तकनीक में विस्तार करने का लक्ष्य रखा है।

रॉयटर्स के मुताबिक, प्रस्ताविक योजना के तहत अगर टेस्ला 8.5 ट्रिलियन डॉलर का बाजार मूल्य और स्वचालित प्रणाली व रोबोटिक्स में प्रगति जैसे बड़े लक्ष्यों को पूरा करता है, तो मस्क को 12 अलग-अलग हिस्सों में शेयर विकल्प दिए जाएंगे। डेनहोम ने कहा कि यह योजना कंपनी की सफलता और शेयरधारकों के लाभ के अनुसार मस्क को इनाम देगा। उन्होंने निवेशकों से तीन ऐसे निदेशकों को फिर से चुनने को कहा, जो लंबे समय से मस्क के साथ करीब से काम कर रहे हैं।

कुछ शेयरधारकों और विशेषज्ञों ने टेस्ला के बोर्ड की आलोचना की है। उनका मानना है कि बोर्ड मस्क से पूरी तरह स्वतंत्र नही था। इस साल की शुरुआत में डेलावेयर की एक अदालत ने यह कहते हुए मस्क का 2018 का भुगतान समझौता रद्द कर दिया कि इसे ऐसे निदेशकों ने संभाला जो पूरी तरह स्वतंत्र नहीं थे।

# तीसरी बार चुनाव लड़ना पसंद करूंगा, मेरे पास बेहतरीन आंकड़े.., अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान

**टोक्यो, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2028 में तीसरी बार राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने की संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं कर रहे हैं। एयर फोर्स वन में पत्रकारों ने व्हाइट हाउस के पूर्व रणनीतिकार स्टीव बैनन के हालिया बयान के बारे में पूछा तो ट्रंप ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं ऐसा करना पसंद करूंगा। मेरे पास अब तक के सबसे बेहतरीन आंकड़े हैं। बैनन ने सुझाव दिया था कि ट्रंप को तीसरी बार चुनाव लड़ना चाहिए।

**तीसरी बार चुनाव लड़ने पर गंभीरता से विचार नहीं किया: ट्रंप :** हालांकि, ट्रंप ने तुरंत यह भी कहा कि उन्होंने वास्तव में तीसरी बार चुनाव लड़ने को लेकर अभी तक गंभीर तक गंभीरता से विचार नहीं किया है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि उनके मौजूदा कार्यकाल के बाद रिपलब्लिकन पार्टी का नेतृत्व कौन कर सकता है। उन्होंने 2028 के राष्ट्रपति चुनाव के संभावित उम्मीदवारों के रूप में विदेश मंत्री मार्को रूबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का नाम लिया।

**ट्रंप ने रूबियो और वेंस की जमकर तारीफ की :** ट्रंप ने कहा, हमारे पास कुछ बहुत अच्छे लोग हैं। उन्होंने रूबियो की ओर इशारा करते हुए आगे कहा, हमारे पास शानदार लोग हैं। इस पर ज्यादा बात करने की जरूरत नहीं है। उनमें से एक तो यहीं खड़े हैं। राष्ट्रपति ने अपने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, स्पष्ट है कि जेडी बहुत शानदार हैं। उपराष्ट्रपति बेहतरीन हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई इन दोनों के खिलाफ चुनाव लड़ेगा।

**बैनन तीसरी बार चुनाव लड़ने के लिए ट्रंप को कर रहे प्रोत्साहित**



: राजनीतिक पत्रिका पॉलिटिको के मुताबिक, ट्रंप के करीबी सहयोगियों में से एक स्टीव बैनन लंबे समय से उन्हें तीसरी बार चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पॉडकास्ट में कहा था कि एक योजना तैयार की जा रही है, जिससे ट्रंप तीसरी बार चुनाव लड़ सकें। हालांकि, अमेरिकी संविधान के तहत कोई भी राष्ट्रपति केवल दो कार्यकाल तक ही पद पर रह सकता है।

**एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंचे ट्रंप :** इस बीच, ट्रंप अपने एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंच गए हैं। इससे पहले उन्होंने मलयेशिया की यात्रा पूरी की, जहां उन्होंने आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। कुआलालंपुर से रवाना होने से पहले उन्होंने मलयेशियाई अधिकारियों और नागरिकों को विदा कहा, जिससे उनका 24 घंटे का दौरा समाप्त हुआ। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, अभी मलयेशिया से रवाना हो रहा हूं। यह एक शानदार और जीवंत देश है। यहां हमने बड़े व्यापारिक और दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ) समझौतों पर हस्ताक्षर किए और सबसे अहम बात.. थाईलैंड और कंबोडिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। कोई युद्ध नहीं ! लाखों लोगों की जानें बचीं। यह काम पूरा करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान था।


# पूर्वोत्तर राज्यों में साजिश रच रहा हाफिज सईद, करीबी ने डाला बांग्लादेश में डेरा; भारतीय सीमा पर एक्टिव

**ढाका, एजेंसी।** लश्कर-ए-तैयबा संस्थापक और 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के साजिशकर्ता हाफिज सईद का करीबी सहयोगी इब्तिसाम इलाही जहीर इन दिनों बांग्लादेश में बेहद सक्रिय है। सूत्रों के अनुसार, वह देश के कई संवेदनशील सीमावर्ती जिलों में जाकर भड़काऊ भाषण दे रहा है और कट्टरपंथी तत्वों से संपर्क स्थापित कर रहा है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, जहीर पाकिस्तान की मरकजी जमीयत अहले हदीस का महासचिव है। वह 25 अक्टूबर को ढाका पहुंचा। उसके बाद उसने राजशाही और चपाइनवाबगंज जैसे भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे इलाकों का दौरा किया। इस सप्ताह वह रंगपुर जाने वाला है। यह जहीर की इस साल की दूसरी बांग्लादेश यात्रा है। फरवरी 2025 में भी वह एक हफ्ते से अधिक समय तक वहीं रहा था।

**सीमा पर गतिविधियों से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क :** भारत की सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, जहीर की इस बार की यात्रा का एजेंडा बेहद चिंताजनक है। उसकी यात्रा में कई सीमावर्ती जिले शामिल हैं- रंगपुर, लालमोनिरहाट, नीलफामारी, जॉयपुरहाट और नागांव जहां वह स्थानीय धार्मिक समूहों से मिल रहा है। वह 6-7 नवंबर को राजशाही के पाबा उपजिला के डांगीपारा में होने वाले बड़े सलफी सम्मेलन में हिस्सा लेने वाला है। जहीर 8 नवंबर को पाकिस्तान लौटेगा।

**भड़काऊ भाषण और भारत-विरोधी बयान :** एक वीडियो में, जहीर को चपाइनवाबगंज में एक धार्मिक सभा के दौरान यह कहते सुना गया, इस्लाम के लिए खुद को और अपने बच्चों को कुर्बान करने के लिए तैयार रहोज पाकिस्तान से बांग्लादेश तक सभी मुसलमान सेक्युलर ताकतों के खिलाफ एकजुट होंगे। उसने आगे कश्मीर का जिक्र करते हुए कहा, कश्मीरियों को



उनकी आजादी से वंचित किया जा रहा है। पाकिस्तान की जिम्मेदारी है कि वह कश्मीर में हो रहे अन्याय के खिलाफ मजबूत आवाज उठाए। अल्लाह की कृपा से वह दिन आएगा जब कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।

**बांग्लादेश की स्थिति: हसीना के जाने के बाद बढ़ा कट्टरपंथ :** अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में अंतरिम शासन चल रहा है, जिसकी अगुवाई अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस अंतरिम शासन के दौरान चरमपंथी नेटवर्क को नई जगह और खुली गतिविधि का मौका मिला है, जिन्हें पहले हसीना सरकार ने कड़े नियंत्रण में रखा था। जहीर की यात्राओं और उसके भाषणों को इसी पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है।

**हाफिज सईद और जाकिर नाइक से गहरे रिश्ते :** इब्तिसाम इलाही जहीर न केवल हाफिज सईद का भरोसेमंद सहयोगी है, बल्कि वह भारतीय भगोड़े और कट्टरपंथी प्रचारक जाकिर नाइक के भी संपर्क में है। दोनों की मुलाकात अक्टूबर 2024 में पाकिस्तान में हुई थी। जहीर पिछले 24 वर्षों से हाफिज सईद, उसके साले अब्दुल रहमान मक्की (जो अब मारा जा चुका है), और लश्कर के सह-संस्थापक आमिर हमजा से जुड़ा हुआ है। उसकी अहले हदीस की विचारधारा पूरे दक्षिण एशिया में सलाफी नेटवर्क को वैचारिक आधार और धार्मिक वैधता देने का काम कर रही है।

**स्थानीय नेटवर्क से संपर्क :** ढाका में जहीर ने निब्रास इंटरनेशनल स्कूल के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अहले हदीस मूवमेंट बांग्लादेश के प्रमुख असदुल्लाह अल गालिब से मिलने की योजना भी बनाई है। यह वही संगठन है जिसे पहले चरमपंथी गतिविधियों से जुड़े आरोपों का सामना करना पड़ा था। सुरक्षा विश्लेषकों के अनुसार, यह गतिविधि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में अस्थिरता फैलाने की बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकती है। बांग्लादेश की सीमा से लगे इलाकों में सलफ़ी नेटवर्क की बढ़ती मौजूदगी, भारत के लिए सुरक्षा चुनौती बन सकती है।

**अब तक सरकार की चुप्पी :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अब तक जहीर की यात्रा पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, जबकि उसके भाषणों और सीमावर्ती गतिविधियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियां पहले से सतर्क हैं।

# महिला विश्वकप कप क्रिकेट सेमीफाइनल में आज होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां होने वाले महिला विश्वकप कप के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला करेगी। इस मैच में जीत के लिए भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसका कारण है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत है और उसके खिलाफ भारतीय टीम का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बीच हुए 60 मैचों में से 49 में ऑस्ट्रेलियाई टीम जीती है जबकि केवल 11 में भारतीय टीम जीती है। भारतीय टीम अगर

सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है तो उसके लिए खिताब जीतना काफी आसान हो जाएगा। इस टूर्नामेंट में अब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है पर इसके बाद भी अगर टीम बेहतर तरीके से खेले तो उसके पास ऑस्ट्रेलिया को हराने का अच्छा अवसर है। भारतीय टीम कोपहले दो मैच में जीत के बाद उसे लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा हालांकि इसके बाद उसने अच्छी वापसी की और सेमीफाइनल में जगह बनायी हालांकि शानदार फार्म में चल हरी प्रतीका रावल के चोटिल होकर बाहर होने से उसे झटका लगा है। प्रतिका ने इस टूर्नामेंट में पारी की शुरुआत करते हुए काफी अच्छी बल्लेबाजी की है।

वहीं अब भारतीय टीम को इस मैच में जीतने के लिए अपने प्रयासों में कोई कमी नहीं रखनी होगी। प्रतिका की जगह शामिल शेफाली वर्मा कैसा प्रदर्शन करती हैं। इस पर काफी कुछ निर्भर करेगा।

उप-कप्तान स्मृति मंधाना के साथ शैफाली का रिकॉर्ड (25 पारियों में 37.20 की औसत से 893 रन) रावल और मंधाना के सलामी जोड़ी के रूप में 23 पारियों में 78.21 की औसत से 1,799 रनों से काफी कम है। शैफाली आक्रमक तो हैं पर पिछले कुछ समय में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। इस मैच खेलना होगा कि शैफाली को उतारा जाता है या हरलीन देओल को सलामी बल्लेबाज के रूप में भेजा जाता है।

हरलीन ने भी सात मैचों में 75.11 की औसत से बिना किसी अर्धशतक के 169 रन बनाए हैं और उनका रिकार्ड भी कुछ खास नहीं है पर वह लंबे समय तक बल्लेबाजी करती हैं। इससे मंधाना को दूसरे छोर से रन बनाने का अवसर रहता हहै। वहीं पिच की बात करें तो यहां हो रही बारिश के बाद भी पिच बल्लेबाजी के अनुकूल है । ऐसे में बड़े स्कोर का पीछा करना किसी भी टीम के लिए कठिन होगा। इस मैच में स्पिनर राधा यादव को टीम में बनाए रखा जा सका है। इसका कारण है कि वह अच्छी क्षेत्र रक्षक हैं और अब तक उसकी गेंदबाजी भी प्रभावी रही है। वहीं दूसरी ओर स्पिनर स्नेहा राणा का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। हरमनप्रीत अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है और इस बार वह बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाना चाहेंगी।

भारतीय टीम को इस मैच में भी मंधाना से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगीहै। उन्होंने अब तक इस टूर्नामेंट में 60.83 की औसत से 365 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रदर्शन अब तक हर क्षेत्र में काफी अच्छा रहा है जिसे वह बनाये रखना चाहेगी। कप्तान एलिया हीली की वापसी से भी टीम का मनोबल बढ़ेगा। हीली ने इस टूर्नामेंट में काफी रन बनाये थे हालांकि फिट नहीं होने के कारण वह पिछले मैच से बाहर थीं1




### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया** = एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), एलिस पेरी, बेथ मूनी (विकेटकीपर), फोबे लिचफील्ड, जॉर्जिया वोल, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, सोफी मोलिनक्स, एनाबेल सदरलैंड, डार्सी ब्राउन, मेगन स्कुट, जॉर्जिया वेयरहैम।

## पेरिस मास्टर्स : बाहर हुए विश्व नंबर-1 कार्लोस अल्काराज, कैमरन नॉरी ने पलटा मैच का रुख



**पेरिस (एजेंसी)।** विश्व नंबर-1 कार्लोस अल्काराज को पेरिस मास्टर्स 2025 के दूसरे दौर में बड़ा झटका लगा। ब्रिटेन के कैमरन नॉरी (रैंक 31) ने उन्हें तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर बाहर कर दिया। इस हार के साथ अल्काराज का मास्टर्स 1000 में 17 मैचों का जीत का सिलसिला थम गया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त अल्काराज पूरे मैच के दौरान अपनी लय पाने के लिए जूझते रहे। उन्होंने 54 अनफोर्स्ड एरर किए और कोर्ट की परिस्थितियों से भी असहज नजर आए। दूसरे सेट के दौरान वे अपने कोच जुआन कार्लोस फरेरो से बार-बार बातचीत करते दिखाई दिए।

जीत के बाद उत्साहित नॉरी ने कहा, 'यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। दुनिया के नंबर-1 और इस समय के सबसे आत्मविश्वासी खिलाड़ी को हराना मेरे लिए अविश्वसनीय अनुभव है।'

मैच के बाद अल्काराज ने कहा, 'भावनात्मक रूप से यह मेरे लिए साल के सबसे खराब मैचों में से एक था। मियामी में हार शारीरिक समस्या के कारण थी, लेकिन इस बार मुझे किसी भी पल गेंद का एहसास नहीं हो रहा था।'

ओलंपिक रजत पदक विजेता अल्काराज के 11,340 अंक थे, जो अब घटकर 11,240 रह गए हैं। वहीं इटली के जैनिक सिनर 10,510 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। लगातार 44 हफ्तों से नंबर-1 पर काबिज अल्काराज अब ट्यूरिन में होने वाले एटीपी फाइनल्स पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जहां उन्हें खोए हुए अंक वापस पाने का मौका मिलेगा।

## रोहित पहली बार आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। रोहित पहली बार अपने करियर में नंबर एक पर पहुंचे हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में सबसे अधिक रन बनाये हैं।



वहीं भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। रोहित के रेटिंग पॉइंट्स अब 781 हो गए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान के 764 रेटिंग अंक हैं। शुभमन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खराब प्रदर्शन के कारण पिछड़ गये हैं। शुभमन के अब 745 रेटिंग अंक हैं। वहीं चौथे स्थान पर पाकिस्तान के बाबर आजम के 739 रेटिंग अंक हैं। वहीं विराट कोहली 725 रेटिंग अंक लेकर छठे स्थान पर हैं। 734 अंकों के साथ डेरिल मिचेल पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

आपको जानकर हैरानी होगी कि रोहित शर्मा ने 781 रेटिंग पॉइंट्स के साथ आईसीसी रोहित अपने करियर में पही बार नंबर एक पर आए हैं। एकदिवसीय विश्व कप 2019 में पांच शतक उन्होंने लगाए थे और तब उनके रेटिंग अंक 882 थे फिर भी वह नंबर एक पर नहीं पहुंचे थे।

38 साल के रोहित को लेकर कहा जा रहा था कि अब उनका करियर समाप्त हो चुका है पर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में एक अर्धशतक और एक शतक लगाकर बता दिया है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट है।

## पहला टी20 बारिश की भेंट चढ़ा, अब मेलबर्न में होगी अगली टक्कर

**कैनबरा (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार को खेले जाने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। मैच कैनबरा के मानुका ओवल मैदान में खेला जा रहा था, जहां बारिश ने दो बार खेल में बाधा डाली और अंततः मैच को रद्द करने का फैसला लेना पड़ा।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था। भारत ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन 5 ओवर के बाद बारिश ने खेल रोक दिया। कुछ देर बाद मुकाबला दोबारा शुरू हुआ और ओवर्स घटाकर 18 कर दिए गए।

हालांकि, मैच फिर से 10वें ओवर के दौरान बारिश के कारण बाधित हुआ। लगातार तेज़ बारिश के चलते अंपायरों ने हालात का जायजा लेने के बाद मुकाबले को रद्द घोषित कर दिया।



जब खेल रोका गया, तब भारतीय टीम ने 9.4 ओवर में 97 रन पर एक विकेट खो दिए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (39 नाबाद) और शुभमन गिल (37 नाबाद) क्रीज पर मौजूद थे। भारत को एकमात्र झटका अभिषेक शर्मा (15 रन) के रूप में लगा, जिन्हें नाथन एलिस ने आउट किया। दोनों बल्लेबाजों ने बेहतरीन लय में बल्लेबाजी की और 62 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। लेकिन मौसम ने मैच का रोमांच खत्म कर दिया। कैनबरा में लगातार होती बारिश के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो सका और मैच बिना किसी परिणाम के समाप्त हुआ। इस तरह पांच मैचों की श्रृंखला में अब स्कोर 0-0 की बराबरी पर है।

अब दोनों टीमें 31 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) में होने वाले दूसरे टी20 मुकाबले में आमने-सामने होंगी। फैंस को उम्मीद है कि वहां मौसम साफ रहेगा और रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा।

## जूनियर हॉकी विश्व कप : पाकिस्तान के नाम वापिस लेने के बाद ओमान टूर्नामेंट में शामिल



स्पोर्ट्स डेस्क। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचित किया है कि वह तमिलनाडु में होने वाले हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 में भाग नहीं लेगा। पाकिस्तान ने पिछले वर्ष जूनियर एशिया कप में क्वालीफाई किया था, लेकिन अब उसके हटने के बाद ओमान को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में शामिल किया गया है। यह प्रतियोगिता 28 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक भारत के चेन्नई और मदुरै में आयोजित होगी। ओमान को जूनियर एशिया कप 2024 में अगली सर्वोच्च स्थान वाली टीम होने के नाते इस टूर्नामेंट में जगह मिली है। पहली बार जूनियर हॉकी विश्व कप के पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 24–24 टीमें भाग लेंगी। यह एफआईएच की 'सशक्तिकरण और सहभागिता रणनीति' के तहत वैश्विक स्तर पर हॉकी की पहुंच बढ़ाने का प्रयास है। गौरतलब है कि जर्मनी ने 2023 में मलेशिया के कुआलालंपुर में हुए पिछले संस्करण का खिताब जीता था।

## दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ड्ट ने विश्व कप में बनाए सबसे ज्यादा 50 प्लस रन, मिताली राज की बराबरी की



गुवाहाटी । दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ड्ट ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की है क्योंकि उन्होंने महिला वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मिताली का 2022 वनडे वर्ल्ड कप करियर का आखिरी टूर्नामेंट बनाया था और उन्होंने 50 ओवर के वर्ल्ड कप में 13 बार 50 से ज्यादा रन बनाकर अपने करियर का अंत किया था। वोलवार्ड्ट, जो एक नया बेंचमार्क बनाने के करीब थीं, उन्होंने अब बारसापारा स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के दौरान अपना 13वां 50+ स्कोर बनाकर इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इस 26 साल की खिलाड़ी ने मौजूदा 2025 महिला वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में तीन हाफ–सेंचुरी बनाईं और बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे नॉकआउट मैच में इस सीजन का अपना चौथा 50+ स्कोर बनाया। यह प्रोटियाज बल्लेबाज मिताली राज के साथ इस खास लिस्ट में टॉप पर है जबकि डेबी हॉकले और शार्लोट एडवर्ड्स 12 और 11 फिफ्टी प्लस स्कोर के साथ अगले दो स्थानों पर हैं।

## बड़े मुकाबलों में भी निडर होकर खेलने वाली टीम बनाना चाहते हैं गंभीर



**केनबरा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने फैसलों के कारण हमेशा ही विवादों में रहे हैं। अब गंभीर ने कहा है कि उनका लक्ष्य सबसे सफल कोच बनना न होकर ऐसी टीम तैयार करना है जो बड़े मुकाबलों में निडर होकर खेले। गंभीर ने कहा, मेरी और कप्तान सूर्यकुमार यादव की पहली बातचीत में ही हमने तय कर लिया था कि हार का डर नहीं रखना है। मैं सबसे सफल नहीं, बल्कि सबसे निडर और आत्मविश्वास से भरी टीम बनाना चाहता हूं। यहां तक कि एशिया कप फाइनल में भीं भी मैंने खिलाड़ियों से कहा था कि डर के नहीं उतरें। बल्कि उनका रुख ऐसा होना चाहिये कि जितना बड़ा मैच हो उतना आक्रामक होकर उतरें। मुख्य कोच ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, सूर्या बेहतरीन इंसान हैं और अच्छे इंसान ही अच्छे लीडर बनते हैं। वह खिलाड़ियों को पूरी आज़ादी देते हैं। पिछले डेढ़ साल से उन्होंने ड्रेसिंग रूम में जबरदस्त माहौल बनाए रखा है। गंभीर ने यह भी जोड़ा कि टीम का ध्यान जीत पर नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आजादी से खेलने पर रहता है। उन्होंने कहा, मैदान पर गलतियां होंगी, पर डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि डरे हुए खिलाड़ी से विरोधी टीम को ही लाभ मिलता है। गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम ने एशिया कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीती है पर टीम को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में करारी हार का भी सामना भी करना पड़ा।

## सूर्यकुमार यादव ने रचा इतिहास, टी20 में एसा करने वाले मात्र दूसरे भारतीय बने

**मेलबर्न(एजेंसी)।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 छक्के पूरे करते हुए इतिहास रच दिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले रोहित शर्मा के बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

पहले टी20 में सूर्यकुमार ने चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी संभाली और शुभमन गिल के साथ मिलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। उन्होंने जोश हेजलवुड की गेंद पर पांचवें ओवर में पहला छक्का जड़ा, जबकि उनका 150वां छक्का नाथन एलिस के ओवर में आया। इसी के साथ उन्होंने अपने नाम एक नया कीर्तिमान दर्ज किया।

रोहित शर्मा के नाम फिलहाल टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 205 छक्के हैं। सूर्यकुमार यादव अब उस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। हालांकि, रोहित को पीछे छोड़ने के लिए सूर्यकुमार को अभी लंबा सफर तय करना होगा।

इस उपलब्धि के साथ सूर्यकुमार ने निकोलस पूरन और ग्लेन मैक्सवेल को पछाड़ते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास में पांचवें सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे आगे अब केवल रोहित शर्मा (205), मुहम्मद वसीम (187), मार्टिन गप्टिल (173) और जोस बटलर (172) हैं।

बारिश के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका और मुकाबला रद्द घोषित करना पड़ा। अब भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों टीमें आगामी दूसरे टी20 मैच की तैयारी में जुट गई हैं, जो 31 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (स्ब्ह्त) में खेला जाएगा। टीम इंडिया को उम्मीद है कि सूर्यकुमार अपनी लय बरकरार रखेंगे और टीम को बढ़त दिलाएंगे।



## रियाल मैड्रिड के डिफेंडर डैनी कार्वाजल अब अगले साल ही वापसी करेंगे




मैड्रिड । रियाल मैड्रिड के डिफेंडर स्पेन के डैनी कार्वाजल चोटिल होने के कारण अब इस साल बचे हुए सत्र में नहीं खेल पाएंगे। कार्वाजल एफसी बार्सिलोना के खिलाफ हुए ला लीगा मैच में चोटिल हो गये थे। कार्वाजल के घुटने में चोट लगी है और उन्हें उससे उबरने में समय लगेगा। इस चोट के कारण अव वह अगले साल ही वापसी कर सकेंगे। रियाल मैड्रिड की मेडिकल टीम के अनुसार कार्वाजल की जांच मेंउनके दाहिने घुटने के जोड़ में एक हड्डी खिसक गयी है। इसलिए अब उनकी कहा आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी होगी। यह नई चोट स्पेन के इस खिलाड़ी के लिए एक बड़ा झटका है और इससे उनके अगले साल होने वाले विश्वकप में खेलने पर भी सवाल उठ रहे हैं। अगर वह तेजी से उबर जाते हैं तो भी इस साल उनके खेलने की संभावना नहीं है। इस दौरान टीम को 10 मैच उनके बिना ही खेलने होंगे। जिसमें ला लीगा के 7 और चैंपियंस लीग के तीन मैच शामिल हैं। वह पहले भी घुटने की चोट से परेशान रहे हैं। वह इससे पहले भी लिगामेंट फटने के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहे थे। वहीं मैड्रिड को अलेक्जेंडर–अर्नोल्ड के मांसपेशियों की चोट से उबर जाने से राहत मिली है।

## अभिषेक भारतीय टीम के बड़े सितारे बनकर उभरेंगे : क्लार्क



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अब तीनो ही प्रारुपों में खेल सकते हैं। क्लार्क ने कहा कि टी20 से शुरुआत करने वाले अभिषेक का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से लगातार बेहतर होता आया है। इस पूर्व कप्तान ने कहा है कि अभिषेक आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट के एक बड़े सितारे बनकर उभरेंगे। अभिषेक की प्रशंसा करते हुए क्लार्क ने कहा कि उसने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। वहीं अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने को साबित करना है। साथ ही कहा, वह बाएं हाथ थ सलामी बल्लेबाज है और उसके पास सभी प्राकर के शॉट्स हैं। मैं देखना चाहता हूं कि वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ पांच मैचों की इस सीरीज में किसी प्रकार का प्रदर्शन करते हैं। मुझे लगता है कि वह इस टी20 सीरीज़ के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। अभिषेक ने अब तक 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 849 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने दो शतक और पांच अर्धशतक लगाये हैं। एशिया कप 2025 में वह टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे और भारतीय टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। जिसस प्रकार से वह खेल रहे हैं उन्हें शीघ्र ही एकदिवसीय प्रारुप में भी जगह मिल सकती है।

## अगरकर के साथ विवाद नहीं : शमी

कोलकाता। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा है कि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से उनके विवाद की बातें सही नहीं हैं। शमी ने कहा कि उनके बयान को गलत समझा गया जिससे इस प्रकार की गलतफहमी पैदा हुइै। ये विवाद तब शुरु हुआ जब अगरकर ने कहा था कि उन्हें शमी की फिटनेस की जानकारी नहीं है। वहीं शमी ने मीडिया से कहा था कि जब वह रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं तो इसका मतलब फिट होंगे ही। इसी के बाद से ही कहा जा रहा था कि चयनसमिति उनकी बयानबाजी से नाराज है। शमी ने रणजी ट्रॉफी 2025 में बंगाल की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने आलोचकों और करा जवाब दिया है। गुजरात के खिलाफ शमी ने आठ विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलायी। इसी के बाद शमी ने कहा कि मैं हमेशा किसी न किसी विवाद में आ जाता हैं जबकि मेरा ध्यान खेल पर है। हर खिलाड़ी देश के लिए खेलना चाहता है, और मैं भी वही चाहता हूं। मेरा काम है फिट रहना और प्रदर्शन करना। बाकि काम चयनसमिति का है। शमी ने चोट से वापसी के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के खिलाफ उन्होंने अपनी फिटनेस और लय दोनों साबित की। फर्स्ट–क्लास करियर में 13वीं बार उन्होंने पांच विकेट लिए हैं। रणजी सीजन में अब तक उन्होंने चार पारियों में 15 विकेट लिए हैं, औसत सिर्फ 10.46 का। वहीं बंगाल के कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा, 'मोहम्मद शमी को किसी से फिटनेस सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। उनकी गेंदबाजी ही उनका प्रमाण है। वे पूरी तरह फिट और शानदार लय में हैं।'



## मैं तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी का योगदान समझने की कोशिश कर रहा हूं: सुदर्शन

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट टीम में तीसरे क्रम पर अपनी जगह पक्की करने की ओर बढ़ रहे युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा कि वह गेंदबाजों पर दबदबा बनाने के लिए इस बल्लेबाजी क्रम के लिए जरूरी रणनीति को सीख रहे हैं। यह खब्बू बल्लेबाज अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट की घरेलू श्रृंखला से पहले दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए के लिए दो (चार दिवसीय) मैचों में खेलेगा।

सुदर्शन ने यहां दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ पहले चार दिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'मैं तकनीकी रूप से अपने फुटवर्क में काफी सुधार कर रहा हूं। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं समझ रहा हूं कि तीसरे नंबर के खिलाड़ी को टीम के लिए क्या करना होता है। मैं इस भूमिका को बेहतर ढंग से समझ रहा हूं और उसे लागू करने की कोशिश कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, 'इसमें ज्यादा तकनीकी अंतर नहीं है, क्योंकि मुझे लगता है कि यह रणनीतिक रूप से बेहतर होने के बारे में है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाज से एक कदम आगे रहने के लिए मजबूत रणनीति होना जरूरी है और मैं इस पर काम कर रहा हूं।' सुदर्शन ने कहा कि विरोधी टीम पर रणनीतिक बढ़त हासिल करना बेहद जरूरी है क्योंकि क्रिकेट के शीर्ष स्तर पर आपकी खामियां जल्दी उजागर हो जाती है।

उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप जिसका (गेंदबाज) भी सामना करते है वह अपने देश का सर्वश्रेष्ठ होता है। ऐसे में अगर आपकी बल्लेबाजी में कोई खामी है तो आप उसके साथ ज्यादा दिन तक बने नहीं रह सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह सब उन रणनीतिक सुधार पर निर्भर करता है जो आप किसी गेंदबाज की ताकत और कमजोरियों के अनुसार उसके खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। मुझे लगता है कि मैं अभी यही सीख रहा हूं, शायद मैं इसे और निखार रहा हूं और भारत के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने का सबसे अच्छा तरीका ढूंढ रहा हूं।'



## रुपया डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में



**मुंबई** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया 88.21 प्रति डॉलर पर खुला। फिर डॉलर के मुकाबले 88.34 के निचले स्तर और उसके बाद 88.18 के उच्च स्तर को छू गया जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.29 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.81 पर आ गया।

## भारत के द्विपक्षीय उड़ान अधिकार न देने की धारणा गलतः इंडिगो

### विदेशी विमानों के अधिकारों पर भ्रम

**नई दिल्ली** इंडिगो के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा कि यह धारणा गलत है कि भारत विदेशी एयरलाइन कंपनियों को द्विपक्षीय उड़ान अधिकार नहीं दे रहा है। भारत चुनिंदा गंतव्यों के लिए अधिकार देता है। खाड़ी देशों की कुछ एयरलाइंस ने अधिकारों में वृद्धि न होने को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागरिक विमानन बाजारों में से एक है। सरकार का दृष्टिकोण संतुलित है और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इंडिगो के पास 400 से अधिक विमान हैं और यह भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है। कंपनी ने हाल ही में लंदन, कोपेनहेगन, एम्स्टर्डम और मैनचेस्टर के लिए उड़ानें शुरू की हैं। भारत में इंडिगो स्थापित हो चुकी है, लेकिन विदेशी यात्रियों के लिए यह नया विकल्प है। इंडिगो अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार कर वैश्विक विमान कंपनी बनने की दिशा में काम कर रही है।

## ट्रंप दक्षिण कोरिया पहुंचे, एपीईसी समिट में व्यापार समझौते पर नजर

**सोल** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को अपने दूसरे कार्यकाल की पहली एशिया यात्रा पर दक्षिण कोरिया पहुंचे। ग्योंगजू में आयोजित एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन में वे दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। ट्रंप और ली जे म्युंग की बैठक में 350 अरब डॉलर के निवेश और टैरिफ को 25 से घटाकर 15 प्रतिशत करने वाले संभावित व्यापार समझौते पर मुहर लग सकती है। गुरुवार को ट्रंप और शी जिनपिंग की 2019 के बाद पहली शिखर वार्ता होगी, जो बढ़ते अमेरिका-चीन व्यापार तनाव के बीच अहम मानी जा रही है। चीन द्वारा रेयर अर्थ मिनरल्स पर नियंत्रण और अमेरिकी टैरिफ धमकी से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हैं। ट्रंप की यात्रा के दौरान उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन से संभावित मुलाकात की चर्चा भी जारी है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## सरकार चीनी निर्यात की अनुमति दे सकती है, एथनॉल के कम उपयोग से अधिशेष बढ़ा

**नई दिल्ली** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बुधवार को बताया कि 2024-25 में एथनॉल उत्पादन के लिए केवल 34 लाख टन चीनी का उपयोग हुआ, जबकि अनुमानित 45 लाख टन था। इसके परिणामस्वरूप 2025-26 विपणन वर्ष के लिए शुरुआती भंडार अधिक है। 2025-26 में भारत का अनुमानित चीनी उत्पादन 3.4 करोड़ टन है, जबकि वार्षिक घरेलू मांग 2.85 करोड़ टन है। इससे लगभग 55 लाख टन का अधिशेष बनने की संभावना है। सरकार अधिशेष चीनी के निर्यात की अनुमति देने पर विचार कर रही है। चोपड़ा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में परिष्कृत चीनी के लिए कीमतें अनुकूल नहीं हैं, लेकिन कच्ची चीनी का निर्यात संभव हो सकता है। मंत्रियों की समिति अगले सप्ताह इस मामले पर बैठक कर सकती है। चोपड़ा ने बताया कि 2024-25 में उद्योग ने 471 करोड़ लीटर एथनॉल आपूर्ति का प्रस्ताव दिया था, लेकिन केवल 289 करोड़ लीटर ही उपलब्ध कराई गई। एथनॉल उत्पादन में मक्का को 45 फीसदी, गुड़ को 28 फीसदी और चावल को 22 फीसदी हिस्सा मिला। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता हमेशा घरेलू खपत, उसके बाद एथनॉल और फिर शेष निर्यात के लिए रही है। एथनॉल के लिए चीनी की अधिक मांग पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के क्षेत्र में आती है। सरकार जल्द ही निर्यात और एथनॉल उपयोग के संबंध में निर्णय लेने की संभावना रखती है, ताकि उद्योग को योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

# भारतीय रियल एस्टेट में विदेशी पैसा 88 फीसदी घटा

**नई दिल्ली**

साल 2025 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में कुल संस्थागत निवेश 1.76 बिलियन डॉलर तक पहुंचा। यह पिछले तिमाही की तुलना में 2 फीसदी कम जरूर है, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 83 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, निवेश का पैटर्न अब पूरी तरह बदलता दिखाई दे रहा है। विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी घटकर सिर्फ 8 फीसदी रह गई है- जो पिछले चार सालों में सबसे कम है, जबकि घरेलू निवेशकों का योगदान बढ़कर आधे से ज्यादा हो गया है।

विदेशी निवेश में इस तिमाही में तेज गिरावट आई है। विदेशी निवेश तीसरी` तिमाही 2025 में घटकर केवल 140.69 मिलियन डॉलर रह गया, जबकि दूसरी तिमाही 2025 में यह 1.19 बिलियन डॉलर था।

यानी इसमें 88 फीसदी की तिमाही गिरावट और 68 फीसदी की सालाना गिरावट दर्ज की गई। पिछली तिमाही में विदेशी निवेश का हिस्सा 66 फीसदी था, जो अब घटकर मात्र 8 फीसदी रह गया है।

इसका कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और विदेशी पूंजी का सतर्क रुख माना जा रहा है। इसके उलट, भारतीय निवेशकों का भरोसा रियल एस्टेट सेक्टर पर लगातार बढ़ रहा है। घरेलू निवेशकों ने तीसरी तिमाही 2025 में 892.22 मिलियन डॉलर का निवेश किया जो तिमाही आधार पर 166 फीसदी और सालाना आधार पर 115 फीसदी की बढ़ोतरी है।

## ट्रंप प्रशासन बढ़ा रहा फेड अध्यक्ष की नियुक्ति का सस्पेंस

### जेरोम पॉवेल की कुर्सी पर पांच दावेदार



**नई दिल्ली** अमेरिका में अगले साल फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने पांच संभावित उम्मीदवारों की पुष्टि की है। बेसेंट ने एशिया यात्रा के दौरान एयर फोर्स वन में मीडिया से बातचीत में कहा कि दूसरे दौर की इंटरव्यू प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी और थैंक्सगिविंग के बाद ट्रंप के सामने शॉर्टलिस्ट पेश की जाएगी। बेसेंट फेड की नीतियों और वित्तीय संकटों पर उठाए गए कदमों के आलोचक रहे हैं। नए नेतृत्व के आने पर ब्याज दर और अन्य मौद्रिक नीतियों में बड़े बदलाव की संभावना जताई जा रही है। ट्रंप ने पॉवेल पर पुराने आरोप दोहराते हुए कहा कि उन्होंने ब्याज दरों में कटौती में देरी की। पॉवेल मई 2026 तक चेयर बने रहेंगे और जनवरी 2028 तक फेड बोर्ड में गवर्नर के रूप में रह सकते हैं। ट्रंप नए गवर्नर को मई में चेयर बनाने का वैकल्पिक रास्ता भी चुन सकते हैं।

## बीपीसीएल करेगी हर देश से तेल की खरीद, रूस से आयात जारी रखने का दावा




**हैदराबाद** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रो लियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने कहा है कि उसकी रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की खरीद तकनीकी और व्यावसायिक व्यवहार्यता पर आधारित होती है। कंपनी रूस समेत सभी देशों से तेल खरीदना जारी रखेगी। बीपीसीएल के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा` कि हम हर क्षेत्र से तेल खरीदते हैं और जो रिफाइनरी के लिए सबसे अधिक उपयुक्त होता है, वही प्राथमिकता पाता है। यह निर्णय केवल बीपीसीएल ही नहीं बल्कि सभी रिफाइनरियों द्वारा लिया जाता है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कच्चे तेल का चयन कंपनी स्तर पर किया जाता है, न कि देश स्तर पर। अधिकारी ने कहा कि कंपनियां कानून के अनुसार तय करती हैं कि सबसे किफायती तेल कौन सा है। सरकार ने किसी आयातक को रूस से तेल खरीदने या न खरीदने का निर्देश नहीं दिया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के 2070 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य के अनुरूप, बीपीसीएल ने 2040 तक शुद्ध शून्य प्राप्त करने के लिए विस्तृत योजना बनाई है। इस योजना के मुख्य घटक में रिफाइनरियों की ऊर्जा दक्षता सुधारना शामिल है। खन्ना ने कहा कि कंपनी की तीनों रिफाइनरियां इस दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। बीपीसीएल आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में रामायपटनम बंदरगाह के पास प्रस्तावित ग्रीनफील्ड रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के लिए विस्तृत व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार कर रही है।

# शेयर बाजार बड़ी तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 368 अंक , निफ्टी 117 अंक उछला

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से बाजारों से मिले अच्छे संकेत के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 368.97 अंक बढ़कर 84,997.13 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 117.70 अंक ऊपर आकर 26,053.90 पर बंद हुआ। आज एनर्जी और मेटल शेयरों में तेजी रही। निफ्टी एनर्जी 1.93 फीसदी और निफ्टी मेटल 1.71 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी 0.64 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 0.49 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.90 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.62 फीसदी, निफ्टी इन्फ्रा 1.22 फीसदी और निफ्टी पीएसई 1.68 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। केवल निफ्टी ऑटो 0.73 फीसदी और निफ्टी इंडिया डिफेंस 0.23 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टाटा स्टील, सन फार्मा, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, एसबीआई, आईटीसी, टाइटन, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ में रहे जबकि बीईएल, इटरनल (जोमैटो), एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल और बजाज फिनसर्व के शेयर गिरे हैं। आज लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 383.70 अंक की तेजी के साथ 60,149.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 79.95 अंक की तेजी के साथ 18,487.55 पर था। इससे पहले आज सुबह बाजार में हल्की बढ़त देखने को मिली।




वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुझान से शुरुआती समर्थन मिला। बीएसई सेंसेक्स 138 अंक की बढ़त के साथ 84,766 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 44 अंक चढ़कर 25,980 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं वैश्विक स्तर पर एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख देखने को मिला। जापान के निक्केई इंडेक्स में एक फीसदी से अधिक की तेजी रही और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।


वहीं टोपिक्स सपाट रहा और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.17 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200, तीसरी तिमाही की महंगाई दर में तेज बढ़ोतरी के चलते 0.16 फीसदी गिर गया। हांगकांग के बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे। इसके अलावा, अमेरिकी बाजार में भी तेजी जारी रही, जहां एसएंडपी 500, नेस्डेक और डाउ जोंस तीनों इंडेक्स नई ऊंचाइयों पर बंद हुए।

# ट्राई का बड़ा फैसला, अब हर कॉल पर दिखेगा कॉलर का नाम

**▸▸ स्पैम और फ्रॉड कॉल पर लगेगी रोक, 4जी-5जी नेटवर्क पर होगी शुरुआत**

**मुंबई**

दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मोबाइल कॉलिंग को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (सीएनएपी) सेवा सभी उपभोक्ताओं को डिफॉल्ट रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। इस सुविधा के तहत कॉल आने पर केवल नंबर ही नहीं, बल्कि कॉलर का नाम भी स्क्रीन पर दिखाई देगा। यदि कोई उपभोक्ता यह सेवा नहीं चाहता, तो उसे ऑप्ट-आउट करने का विकल्प मिलेगा। पहले यह सेवा केवल उपयोगकर्ता की सहमति के बाद सक्रिय करने (ऑप्ट-इन) का प्रस्ताव था, लेकिन अब डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन (डीओटी) के सुझावों के अनुसार ट्राई ने इसे डिफॉल्ट मोड में लागू करने पर सहमति दे दी है। ट्राई का मानना है कि इससे स्पैम, फ्रॉड और फर्जी कॉल्स पर रोक लगेगी, क्योंकि उपभोक्ता कॉल उठाने से पहले कॉलर की पहचान जान सकेंगे। सेवा का पहला चरण 4जी और 5जी नेटवर्क्स पर लागू होगा, क्योंकि इन नेटवर्क्स में आवश्यक तकनीकी ढांचा पहले से मौजूद है। बाद में इसे 2जी और 3जी नेटवर्क्स तक बढ़ाया जाएगा। ट्राई ने स्पष्ट किया है कि टेलीकॉम लाइसेंस की शर्तों में संशोधन किया जाएगा और आने वाले समय में भारत में बेचे जाने वाले सभी स्मार्टफोन्स में सीएनएपी सपोर्ट अनिवार्य होगा। कॉलर का नाम टेलीकॉम कंपनियों के केवायसी और कस्टमर




एप्लीकेशन फॉर्म (सीएएफ) डेटा के आधार पर दिखाया जाएगा, जिससे गलत जानकारी प्रदर्शित होने की संभावना कम रहेगी।

बड़ी कंपनियों और बिजनेस लाइनों को अपने कॉलर आईडी में सत्यापित ब्रांड नाम दिखाने की अनुमति होगी।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ना मूल्य 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया

### गन्ना किसानों को लगभग 3,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ होगा

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2025-26 पेराई सत्र के लिए गन्ने की कीमतों में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा की है। अब अगेती गन्ना प्रजाति का मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल और सामान्य प्रजाति का मूल्य 390 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सरकार का कहना है कि इस वृद्धि से गन्ना किसानों को लगभग 3,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त लाभ होगा। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि अब तक गन्ना किसानों को कुल 2,90,225 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसके मुकाबले 2007 से 2017 के बीच पिछली सरकारों ने केवल 1,47,346 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। मौजूदा सरकार ने मात्र साढ़े आठ वर्षों में पिछले सरकारों से 1,42,879 करोड़ रुपये अधिक भुगतान कर नया इतिहास रचा है। प्रदेश में वर्तमान में 122 चीनी मिलें हैं और यह देश में दूसरे स्थान पर है। पिछली सरकारों के कार्यकाल में कई मिलें बेची गई थीं। मौजूदा सरकार की पारदर्शी नीतियों और निवेश के कारण इस उद्योग में 12,000 करोड़ रुपये का निवेश आया है। सरकार की 'स्मार्ट गन्ना किसान' पहल से पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है।


# एजीआई से पहले ही माइक्रोसाफ़ट में मजबूती

### ओपन एआई में 27 फीसदी हिस्सेदारी पक्की

**मुंबई**

टेक कंपनी माइक्रोसाफट अब ओपनएआई में 27 फीसदी की हिस्सेदारी रखेगी। यह हिस्सा दोनों कंपनियों के बीच हुए नए समझौते के बाद तय किया गया है। इस समझौते के साथ उनकी साझेदारी के ढांचे में भी बदलाव देखने को मिला है। ओपनएआई ने हाल ही में अपनी संरचना बदलकर एक नई फॉर-प्रॉफिट कंपनी पीबीस बनाई है। वहीं ओपनएआई फाउंडेशन नाम की गैर-लाभकारी संस्था अब इस फॉर-प्रॉफिट कंपनी में हिस्सेदारी रखती है। इसकी मौजूदा वैल्यू लगभग 130 बिलियन डॉलर बताई गई है। यह जानकारी ओपनएआई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चेयरमैन ब्रेट टेलर ने साझा की। नई डील के तहत माइक्रोसाफट ने ओपनएआई ग्रुप प पीबीसी में करीब 135 बिलियन डॉलर का निवेश किया है।

इससे पहले, पुनर्गठन और नई फंडिंग से पहले कंपनी का हिस्सा 32.5 फीसदी था, जो अब घटकर 27 फीसदी रह गया है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि ओपनएआई के साथ उसकी साझेदारी के मुख्य तत्व पहले जैसे ही रहेंगे, और कंपनी को ओपनएआई की तकनीक और




एजुयर इंटीग्रेशन का एक्सक्लूसिव अधिकार तब तक मिलता रहेगा, जब तक एजीआई विकसित नहीं हो जाती। ओपनएआई एजीआई को ऐसे एआई के रूप में परिभाषित करता है जो कुल मिलाकर इंसानों से अधिक बुद्धिमान हो। समझौते में बौद्धिक संपदा (आईपी), उत्पाद विकास और व्यावसायिक सहयोग से जुड़ी कई शर्तों को फिर से तय किया गया है।

## सोने का भाव 1.19 लाख के पार, चांदी लगभग 1.45 लाख रुपए

**नई दिल्ली**

सोने-चांदी के वायदा भाव में बुधवार के कारोबारी दिन सुधार देखने को मिल रहा है। दोनों के भाव बुधवार को घरेलू बाजार में तेजी के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,19,850 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,45,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव गिरावट, जबकि चांदी के तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट एक रुपये की तेजी के साथ 1,19,647 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,19,646 रुपये था। इस समय यह 220 रुपये की तेजी के साथ 1,19,866 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,19,890 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,19,619 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 419 रुपये की तेजी के साथ 1,44,761 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,44,342 रुपये था। इस समय यह 702 रुपये की तेजी के साथ 1,45,044 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,45,044 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,45,649 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,69,200 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा कारोबार में सुस्ती और चांदी में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,967.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

पिछला बंद भाव 3,983.10 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 4.50 डॉलर की गिरावट साथ 3,978.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 4,398 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 47.13 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 47.32 डॉलर था। इस समय यह 0.10 डॉलर की तेजी के साथ 47.42 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इसके भाव 53.76 डॉलर का उच्च स्तर छू चुके हैं।

## प्रीमियम इलेक्ट्रिक कारें बनी भारतीय ग्राहकों की पसंद



**नई दिल्ली**

बढ़ती मांग और उन्नत तकनीक ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक कारें अब भारतीय ग्राहकों की पसंद बनती जा रही है। जो लोग पहले केवल पेट्रोल या डीज़ल इंजन वाली लग्ज़री कारें खरीदते थे, वे अब ईवी सेगमेंट की ओर रुख कर रहे हैं।

इसका मुख्य कारण बेहतर रेंज, कम मेंटेनेंस और आधुनिक फीचर्स हैं, जो इन कारों को न सिर्फ भविष्य की सवारी बल्कि वर्तमान की ज़रूरत बना रहे हैं। ह्यूंदै की नई क्रेटा इलेक्ट्रिक शांत और स्मूद ड्राइविंग का अनुभव देती है, जिसमें सुरक्षा और आराम दोनों का ध्यान रखा गया है। वहीं एमजी विंडसर प्रो करीब 449 किलोमीटर की रेंज के साथ लग्ज़री और परफॉर्मेंस का संतुलन पेश करती है।

इसका विशाल केबिन और प्रीमियम इंटीरियर इसे लंबी यात्राओं के लिए उपयुक्त बनाते हैं। महिंद्रा की एक्सईवी 9ई भारतीय सड़कों के लिए तैयार दमदार इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जो परिवार और ऑफ-रोड दोनों तरह की यात्राओं में शानदार प्रदर्शन करती है। वहीं वियतनाम की कंपनी विनफास्ट अपनी वीएफ7 के साथ भारतीय बाजार में नई पहचान बना रही है।


इसका बोल्ड डिजाइन और आरामदायक रियर सीट इसे खास बनाते हैं। घरेलू ब्रांड टाटा मोटर्स की हैरियर ईवी भारतीय इलेक्ट्रिक तकनीक का मजबूत उदाहरण है। डुअल मोटर सेटअप और शक्तिशाली प्रदर्शन इसे प्रीमियम ईवी सेगमेंट में मजबूती से खड़ा करता है। स्पष्ट है कि भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अब भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की दिशा बन चुकी है। जैसे-जैसे चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार होगा, वैसे-वैसे लग्ज़री ईवी सेगमेंट और भी तेजी से आगे बढ़ेगा।

# भारत और ईयू मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा जारी रखने पर सहमत

### कार्बन कर मुद्दों पर बातचीत रखेंगे जारी

**नई दिल्ली**

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चर्चा जारी रखने पर सहमति जताई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ब्रुसेल्स यात्रा के दौरान यह बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने इस्पात, मोटर वाहन और कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) जैसे संवेदनशील मुद्दों पर और वार्ता की आवश्यकता को स्वीकार किया। भारत ने एफटीए में पारदर्शी और पूर्वानुमानित नियामक ढांचे के निर्माण की वकालत की। इसके अलावा, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने पर जोर दिया गया। गोयल ने विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों में भारत की प्राथमिकताओं को तरजीह देने की आवश्यकता पर बल दिया। ईयू ने हाल ही में सीबीएएम और ईयूडीआर (वन विनाश विनियमन) जैसे नियम लागू किए हैं। सीबीएएम के तहत इस्पात, एल्युमीनियम और सीमेंट के भारतीय निर्यात पर 20-35 फीसदी तक शुल्क लगाया जा सकता है। भारत ने इन नियमों पर कड़ी आपत्ति जताई है और दोनों पक्षों ने इसे वार्ता का अहम हिस्सा माना। दोनों पक्षों ने गैर-संवेदनशील औद्योगिक शुल्क लाइनों पर सहमति बनाने और 2025 के अंत तक एफटीए समझौते को पूरा करने का साझा लक्ष्य तय किया। वार्ता जून 2022 में फिर शुरू हुई थी, जबकि यह पहले 2013 में बाजार खोलने के मुद्दों के कारण रुकी हुई



थी। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईयू का द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 136.53 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जिसमें 75.85 अरब डॉलर का निर्यात और 60.68 अरब डॉलर का आयात शामिल है। यह ईयू को भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनाता है।

## दिलजीत के 'कुफर' गाने में ट्रोल होने पर

# मानुषी छिल्लर ने दिया करारा जवाब, बोलीं- 'मेरा नहीं तो कम से कम'



मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद फिल्मों में आईं अभिनेत्री मानुषी छिल्लर को अभी भी एक बड़ी हिट की तलाश है। हालांकि, हाल ही में मानुषी सिंगर दिलजीत दोसांझ की 'औरा' एल्बम के नए गाने 'कुफर' में नजर आईं। ये गाना अपनी रिलीज के बाद से ही लगातार ट्रेंड में बना हुआ है और लोगों को पसंद आ रहा है। गाने के वीडियो में मानुषी दिलजीत के साथ नजर आई हैं। दोनों की केमिस्ट्री भी फैंस को पसंद आ रही है। हालांकि, इस बीच जब एक यूजर ने मानुषी को ट्रोल किया, तो एक्ट्रेस ने बड़ी ही शालीनता से ट्रोलर को करारा जवाब दिया।

### मानुषी ने दिया जवाब

मानुषी ने एक्स पर एक क्रिप्टिक पोस्ट किया, जिसे ट्रोलर्स को उनका जवाब माना जा रहा है। मानुषी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, 'मेरा नहीं, लेकिन क्या हम उस डांसर का सम्मान नहीं कर सकते जो बस अपना काम कर रही थी।' जाहिर है कि मानुषीने उनके डांस के लिए उन्हें ट्रोल करने पर ट्रोलर्स को जवाब दिया है और डांसर का सम्मान करने की बात कही है।

### आखिरी बार 'तेहरान' में नजर आई थीं मानुषी

वर्कफ्रंट की बात करें तो मानुषी छिल्लर ने साल 2022 में हिस्टोरिकल-ड्रामा 'सम्राट पृथ्वीराज' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वो 'द ग्रेट इंडियन फैमिली', 'बड़े मियां छोटे मियां', 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' और 'मालिक' में नजर आई हैं। मानुषी आखिरी बार इसी साल आई जॉन अब्राहम की फिल्म 'तेहरान' में नजर आई थीं। हालांकि, मानुषी को अभी भी एक बड़ी हिट की तलाश है।

### 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे दिलजीत


दिलजीत दोसांझ के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो इन दिनों अपने ऑरा टूर में व्यस्त हैं। फिल्मों की बात करें तो दिलजीत अब 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। इसमें उनके साथ सनी देओल, वरुण धवन और अहान शेट्टी भी नजर आएंगे।

# 600 करोड़ क्लब में शामिल होने के करीब पहुंची 'कांतारा चैप्टर 1', 26वें दिन भी जुटाए इतने करोड़ रुपए




**ऋषभ** शेट्टी स्टारर 'कांतारा चैप्टर 1' धीरे-धीरे बॉक्स ऑफिस पर एक महीना पूरा करने के करीब है। 26 दिन बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छे नंबर हासिल कर रही है। अब फिल्म के 26वें दिन की भी कमाई सामने आ गई है। जानिए चौथे सोमवार को फिल्म ने किया कैसा प्रदर्शन? 'कांतारा चैप्टर 1' सिनेमाघरों में 26 दिन पूरे कर चुकी है। फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। अब फिल्म ने 26वें दिन अपने चौथे सोमवार को भी 3.25 करोड़ रुपए की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 592.85 करोड़ रुपए पहुंच गया है।

# जन्नत फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की मिर्जापुरः द फिल्म में हुई एंट्री



**जन्नत** फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की एंट्री मिर्जापुरः द फिल्म में हो गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। सोनल ने भी टीम को थैंक्स कहते हुए एक पोस्ट किया है। अभिनेत्री सोनल चौहान को 'जन्नत' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों में काम करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार गिफ्ट हैंपर और प्रोडक्शन हाउस के एक नोट की झलक दिखाई। नोट में जानकारी दी गई है कि सोनल अब मिर्जापुर फिल्म का हिस्सा हैं।इस नोट में लिखा है, प्रिय सोनल, हम आपको मिर्जापुर की टीम में पाकर बहुत उत्साहित हैं। हम पर्दे पर आपके अभिनय का जादू को देखने के लिए बेताब हैं। सोनल ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं मिर्जापुरः द फिल्म में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई और मैं आप सभी को यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि हम पर्दे पर क्या-क्या दिखाने वाले हैं। इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अली फजल एक बॉडी बिल्डर के रूप में दिखाई देंगे, इसके लिए उन्होंने जमकर ट्रेनिंग भी ली है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मिर्जापुर' में गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों की दुनिया को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म से सीरीज के किरदारों की बड़े पर्दे पर वापसी होगी। इसमें कालीन भैया के रूप में पंकज त्रिपाठी, गुड्डू के रूप में अली फजल और मुन्ना के रूप में दिव्येंदु शर्मा जैसे कलाकार दिखाई देंगे। फिल्म में श्वेता त्रिपाठी गोलू गुप्ता के रोल को निभाती दिखाई देंगी और रसिका दुग्गल फिल्म में अपने बीना त्रिपाठी के किरदार में दिखाई देंगी। इस सीरीज की शूटिंग उत्तर प्रदेश में मुख्यतः मिर्जापुर, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, लखनऊ, रायबरेली, गोरखपुर और वाराणसी जैसे शहरों में हुई थी।



भावुक होकर मांगी माफी

# बंद कमरे में करूर भगदड़ पीड़ितों से मिले विजय

अभिनेता-राजनेता विजय ने सोमवार को महाबलीपुरम में करूर भगदड़ के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने इस दुखद घटना के लिए उनसे माफी मांगी। करूर भगदड़ में 41 लोग मारे गए थे और 60 से ज्यादा घायल हुए थे। यह बैठक भगदड़ के एक महीने बाद हुई। तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के सूत्र के मुताबिक करूर से कुल 37 परिवारों को बैठक स्थल पर लाया गया था। इन लोगों से विजय ने एक रिसॉर्ट में मुलाकात की जहां पार्टी ने लगभग 50 कमरे बुक किए थे। खबरों के मुताबिक विजय ने पीड़ित परिवारों को शिक्षा, स्वरोजगार और आवास के अलावा आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया। परिवारों से मुलाकात के दौरान, विजय ने उन्हें महाबलीपुरम लाने के लिए उनसे माफी मांगी और कहा कि वह करूर नहीं जा सके क्योंकि उन्हें अधिकारियों से अनुमति नहीं मिल पाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही करूर में उनसे जरूर मिलेंगे।

# कैटरीना कैफ ने फिल्मी इंडस्ट्री में आने के लिए प्रेरित किया : कशिका कपूर



अभिनेत्री काशिका कपूर बॉलीवुड, तेलुगु सिनेमा और कई म्यूजिक वीडियो में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर आधारित ड्रामा 'आयुष्मति गीता मैट्रिक पास' से बॉलीवुड में कदम रखा और बाद में 'लाइफः लव योर फादर' से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया। कशिका कपूर ने एक विशेष इंटरव्यू में बताया कि कैसे उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की। इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ का भी हाथ है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे उनके पिता शुरुआत में बेटी के इंडस्ट्री में आने को लेकर झिझक रहे थे, जबकि उनकी मां उनके सपनों के साथ खड़ी रहीं।जब उनसे पूछा गया कि उन्हें बॉलीवुड में आने के लिए कैसे प्रेरणा मिली, तो कशिका कपूर ने कहा, मुझे लगता है कि हमेशा से एक अभिनेत्री बनना मेरा सपना था। मैं पांचवीं कक्षा में थी जब मैंने नाटकों में भाग लेना शुरू किया। मुझे याद है कि स्कूल में शो की शुरुआत मैं ही करती थी और सभी को मुझ पर बहुत गर्व था। लोगों की प्रशंसा ने मुझे एहसास दिलाया कि शायद मुझमें कुछ ऐसा है जिसे आगे बढ़ाया जाना चाहिए। वास्तव में यह सब ऐसे ही शुरू हुआ। उन्होंने आगे कहा, मैं कैटरीना कैफ के गाने शीला की जवानी से प्रेरित थी। मैंने उसे देखा और सोचा, मुझे यह करना है। मैं वहां जाना चाहती हूं। लेकिन मेरे पिताजी इस विचार के बिल्कुल खिलाफ थे, उन्हें उस समय इंडस्ट्री पसंद नहीं थी। दूसरी ओर, मेरी मां बहुत सहयोगी थीं। मेरे पिताजी ने कहा था कि यह बस एक दौर है जो गुजर जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आखिरकार, उन दोनों ने मेरा साथ दिया, और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। इस तरह मेरे सपने ने आकार लेना शुरू किया। अपने पहले बड़े मौके के बारे में बात करते हुए कशिका ने कहा, यह बिल्कुल अप्रत्याशित था। हम घर पर 'फर्न्स एंड पेटल्स' की शूटिंग कर रहे थे। उस शूटिंग के लिए आए निर्देशक ने मुझे बताया कि वह आमतौर पर ऐसे प्रोजेक्ट्स नहीं करते, लेकिन उस दिन किसी चीज ने उन्हें आने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं आया क्योंकि मुझे मेरी गीता मिल गई है। कशिका ने आगे कहा, उन्होंने मुझे कहानी सुनाई और कहा, मैं तुम्हें इस भूमिका के लिए चाहता हूं। मैं बहुत आभारी थी क्योंकि यह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर आधारित एक बहुत ही खूबसूरत कहानी थी। मैंने इसके लिए तेलुगु में ऑडिशन भी दिया था।



## राष्ट्रवादी का टैग लगने पर क्या बोलीं यामी गौतम? फिल्म हक में अपने रोल पर भी रखी बात

फिल्म हक के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से कई सवाल किए गए। इस पर उन्होंने बेबाकी से जवाब दिए हैं। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है?

शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, हक के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाहबानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर राष्ट्रवादी कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया।

### राष्ट्रवादी टैग को किया खारिज

राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना। उन्होंने कहा, ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।

यामी गौतम ने बताया कि फिल्म हक उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था।

# पद्मावत से हीरामंडी तक अपने हर किरदार से दिखाई सशक्त नारी की छवि



**बॉलीवुड** और टॉलीवुड की चमक-दमक भरी दुनिया में कई अभिनेत्रियां हैं, लेकिन कुछ ही कलाकार ऐसे होते हैं जो अपनी खूबसूरती के साथ-साथ ऐतिहासिक किरदारों में अपनी पहचान भी बना पाते हैं। अदिति राव हैदरी उन्हीं में से एक हैं। अदिति ने सिर्फ फिल्मों में अपने अभिनय का जादू नहीं बिखेरा, बल्कि इतिहास से जुड़े कई किरदारों को जीवंत बनाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। चाहे वह पद्मावत में रानी मेहरुन्निसा का किरदार हो या ताजः डिवाइडेड बाय ब्लड में अनारकली की भूमिका, अदिति ने हमेशा अपने किरदारों में शाही और नाजुक अंदाज को बखूबी पेश किया है।

अदिति राव हैदरी का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को हैदराबाद में हुआ था। उनका जन्म एक शाही परिवार में हुआ। वह अकबर हैदरी की परपोती होने के साथ असम के पूर्व गवर्नर मोहम्मद सालेह अकबर हैदरी की पोती हैं। इसके अलावा, उनके नाना जे.रामेश्वर राव तेलंगाना के वनापर्थी पर राज किया करते थे। अदिति की मां विद्या राव एक हिंदू है और पिता एहसान हैदरी मुस्लिम हैं। यही वजह है कि वह अपने सरनेम में अपने माता और पिता दोनों का नाम लिखती हैं। अदिति ने फिल्मी करियर की शुरुआत मलयालम फिल्म प्रजापति से की थी। इसके बाद उन्होंने 2006 में हिंदी फिल्म दिल्ली-6 से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उनका कैमियो रोल था, लेकिन उन्होंने अपने अभिनय और चेहरे की मासूमियत से दर्शकों का ध्यान खींचा। इसके बाद अदिति ने लगातार फिल्मों में अपनी जगह बनाई और कई महत्वपूर्ण किरदार निभाए। साल 2011 में आई ये साली जिंदगी और रॉकस्टार जैसी फिल्मों ने अदिति को बॉलीवुड में जगह दिलाई। रॉकस्टार में उनके अभिनय को काफी सराहा गया, और उन्होंने अपनी अदाकारी से रणबीर कपूर के साथ शानदार कैमिस्ट्री दिखाई। इसके बाद उन्होंने फितूर, मर्डर 3 जैसी फिल्मों में भी काम किया, लेकिन दर्शकों और क्रिटिक्स ने उन्हें खास तौर पर पद्मावत में रानी मेहरुन्निसा के किरदार के लिए याद किया।






# 18 साल बाद सलमान के साथ काम कर सकते हैं गोविंदा !

18 साल बाद 'पार्टनर' एक बार फिर साथ आ रहे हैं। दरअसल, सलमान खान की मच अवेटेड फिल्म में अब 'बैटल ऑफ गलवां' में गोविंदा भी नजर आएंगे।

बॉलीवुड के 'पार्टनर' यानी सलमान खान और गोविंदा की जोड़ी अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर नजर आ सकती है। सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' को लेकर चर्चाओं में हैं। अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस फिल्म में सलमान खान के साथ गोविंदा भी नजर आएंगे। यानी लगभग 18 साल बाद दोनों अभिनेता एक साथ एक फिल्म में नजर आएंगे।

### सलमान ने खुद दी हिंट

बिग बॉस 19 के वीकेंड का वार के हालिया एपिसोड में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा शो में बतौर मेहमान शामिल हुईं। सलमान और सुनीता ने गोविंदा के साथ उनके फिर से साथ आने पर चर्चा की, जो अब फैंस के बीच वायरल है। दरअसल, सलमान ने इस दौरान ये कहा कि अब वो और गोविंदा एक साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, सलमान ने इस प्रोजेक्ट के नाम का खुलासा नहीं किया, लेकिन ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि गोविंदा वॉर ड्रामा 'बैटल ऑफ गलवां' में सलमान के साथ अभिनय करेंगे। इन चर्चाओं के बीच कई मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया कि गोविंदा ने 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग भी शुरू कर दी है। 'बैटल ऑफ गलवां' अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म भारत और चीन के बीच 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है, जो समुद्र तल से 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर बिना एक भी गोली चलाए लड़ा गया था। सलमान के अलावा फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। पुरानी है सलमान और गोविंदा की दोस्ती

सलमान और गोविंदा दशकों से दोस्त हैं, उनकी लंबे समय से चली आ रही दोस्ती 2000 के दशक की शुरुआत में शुरू हुई थी। गोविंदा अक्सर सलमान को अपने करियर को खराब दौर में फिर से पटरी पर लाने का श्रेय देते हैं। सलमान और गोविंदा आखिरी बार 'पार्टनर' फिल्म में नजर आए थे। दोनों इसके अलावा 'सलाम-ए-इश्क' में भी साथ में काम कर चुके हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in